हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025



## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है, लेकिन मां का यह रूप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य उपासना करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रूप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा करने वाले को अग्नि भय, जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

# मंडलों से कल तक आएगी सूची, रायशुमारी के बाद होगी घोषणा

## जिला भाजपा संगठन ने मंडल अध्यक्षों से 5 अप्रैल तक मांगी कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद अब कार्यकारिणी को लेकर प्रक्रिया शुरू हो गई है। मार्च के अंतिम सप्ताह में जिला संगठन द्वारा जिले के सभी सोलह मंडल अध्यक्षों को एक पत्र जारी कर पांच अप्रैल से पहले अपनी कार्यकारिणी की सूची बनाकर देने को कहा था। कल यानि पांच अप्रैल की अवधि तक जिले के सभी मंडल अध्यक्ष अपनी सूची जिला संगठन के पास जमा कर देंगे। इसके बाद जिला संगठन के शीर्ष नेता इस सूची पर रायशुमारी करेंगे। जिसके बाद फाईनल कार्यकारिणी सूची को जिला संगठन द्वारा ही जारी किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार जिले के अधिकांश मंडल अध्यक्ष ने अपनी कार्यकारिणी तैयार करने के साथ ही उसकी प्रति जिला संगठन को सौंप दी है। दो से तीन मंडल की सूची आना ही शेष रह गया है। ऐसे में सभी मंडल की सूची आने के बाद उस इलाके के वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ ही मौजूदा एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों से रायशुमारी की जाएगी। सभी पहलू पर चर्चा के बाद मंडल कार्यकारिणी की सूची को जारी कर दिया जाएगा। हालांकि पहले यह कहा जा रहा था कि नवरात्र के अवसर पर सूची जारी की जाएगी, लेकिन अब अनुमान लगाया जा रहा है कि सूची 8 से 12 अप्रैल के मध्य जारी की जा सकती है।

### मंडल के बाद जिले की बारी




भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह के भीतर मंडल की कार्यकारिणी जारी होने के बाद जिला संगठन के विस्तार पर मंथन शुरू किया जाएगा। बताया गया कि जिला संगठन में अध्यक्ष एवं एक महामंत्री की ही नई नियुक्ति हुई है। ऐसे में शेष सभी पदों को लेकर नए लोगों के साथ ही पुराने वफादार कार्यकर्ताओं को अवसर देने का काम किया जाएगा। अप्रैल महीने की समाप्ति से पहले ही जिला कार्यकारिणी की सूची भी जारी कर दी जाएगी।

### प्रदेश में भी मिलेगा मौका

मंडल एवं जिला कार्यकारिणी के अलावा जिले के कुछ नेताओं को प्रदेश भाजपा संगठन की नई कार्यकारिणी में भी शामिल किया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष में से एक नेता को बड़ी जिम्मेदारी प्रदेश संगठन में मिल सकती है। इसके अलावा महिला मोर्चा, किसान मोर्चा जैसे अन्य मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी जिले के नेताओं को स्थान दिया जाएगा।

### चार महिला रखना जरूरी

मिली जानकारी के अनुसार मंडल कार्यकारिणी के सेटअप में दो महामंत्री, एक कोषाध्यक्ष, चार उपाध्यक्ष एवं चार मंत्री यानि कुल मिलाकर इन 11 पदों में से कम से कम चार महिला को शामिल करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा मंडल कार्यकारिणी के 45 सदस्यों में से एक तिहाई यानि लगभग 15 महिलाओं को कार्यकारिणी सदस्य भी बनाना अनिवार्य रखा गया है। इसके अलावा एसटी, एससी व ओबीसी वर्ग से भी कार्यकर्ताओं को रखने का मापदंड तय कर दिया गया है।

## छिंदवाड़ा एवं खरगौन भी जाएगी पुलिस की टीम, किसने लाई थी शराब होगी जांच

# शराब की अवैध बॉटलिंग, आठ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ क्षेत्र के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में शराब डंप कर रखने वाले फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। इस मामले की जांच पड़ताल के लिए पुलिस टीम मप्र के छिंदवाडा, खरगौन के लिए भी रवाना हुई है।

पुलिस के अनुसार 29 मार्च को डोंगरगढ़ पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम करवारी-लतमर्रा जाने वाली कच्ची रास्ते में स्थित रोहित नेताम उर्फ सोनू के फार्म हाउस में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश की शराब अवैध रूप से डंप कर रखा है एवं उसी शराब को शीशी में डालकर छग का लेबल व सील लगाकर पौवे के रूप में अवैध रूप से विक्रय करने की नियत से अपने फार्म हाउस में डंप कर रखा है।



### पकड़े गए आरोपी

पुलिस ने इस मामले में आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू 25 साल निवासी थाना चौक डोंगगरढ़, दलजीत सिंह उर्फ राजा 28 साल साकिन वार्ड नं. 14 एकता चौक बुधवारीपारा, मोहित कुर्रे 22 साल साकिन कछेरी चौक डोंगरगढ़, रवि कंडरा 35 साल साकिन कंडरापारा डोंगरगढ़, सिद्धार्थ फुले 35 साल साकिन दंतेश्वरीपारा, सोनू यादव 25 साल निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़, विशाल मिश्रा 23 साल साकिन भारतमाता चौक बुधवारी पारा एवं भुवन कंडरा 21 साल निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

### होलोग्राम-स्टीकर बरामद

इस सूचना पर कार्रवाई करते पुलिस ने फार्म हाउस से कुल 3888 बल्क लीटर शराब कीमती 27,32670 रुपए एवं घटनास्थल में स्थित मकान के अंदर बने तलघर से भारी मात्रा में खाली शीशी, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बंडल एवं अन्य सामग्री को जब्त किया गया था। मौके से आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू अपने घर से फरार हो गया था। पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस टीम ने कार्य करते घटनास्थल से जब्त सीसीटीवी कैमरा के फुटेज की जांच किया। जांच पर अन्य संदिग्ध व्यक्तियों का भी इस घटना में संलिप्तता पाए जाने से गठित टीम द्वारा आरोपीगण के पता तलाश हेतु अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी गई।

### फार्म हाऊस में डंप थी 27 लाख रुपए की शराब

इस मामले में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने पत्रकारवार्ता में बताया कि आरोपी रोहित नेताम उर्फ सोनू 25 साल निवासी थाना चौक डोंगगरढ़ व अन्य 7 आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो पता चला कि मोहारा निवासी छोटा कट्टी नंद कुमार वर्मा एवं उसके साथी जिसको हड्डी के नाम से जाना जाता है। 27 मार्च को रात्रि में शराब को आरोपी रोहित उर्फ सोनू नेताम के फार्म हाउस में लाकर डंप कर रखा गया था, जिसे आरोपियों द्वारा मिलकर 20-30 पेटी रात्रि के समय में निकालकर अपने साथियों के साथ स्कूटी वाहन से लेकर बेचने आरोपी रोहित उर्फ सोनू अपने स्थायी निवास थाना चौक घर पर रखते थे। आरोपी रोहित नेताम के निवास स्थान में एक छोटा सा किराना दुकान खोला हुआ है। जिसमें शराब को छोटे प्लास्टिक की बोतल में डालकर बिक्री करता था। आरोपीगण के विरूद्ध डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर सभी आरोपीगण को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों का पूर्व में आपराधिक रिकार्ड थाना डोंगरगढ़ में दर्ज होना पाया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में छापामार कार्रवाई में पुलिस ने 432 पेटी शराब, गोवा व्हीस्की का स्टीकर, होलोग्राम का बंडल बरामद किया था।

# झपटमारी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युवती से मोबाइल की झपटमारी करने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपी एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक के खिलाफ कार्रवाई की है। घटना में प्रयुक्त मोपेड भी जब्त किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया 2 अप्रैल को सुबह 8.30 हाथ में मोबाइल को पकड़कर अपनी सहेली के साथ कोचिंग से छूटकर गौरव पथ रोड पर पैदल जा रही थी, तभी ऊर्जा पार्क के आगे पहुंची थी कि 2 अज्ञात व्यक्ति एक्टिवा काला रंग से आकर पीछे से प्रार्थिया के हाथ में रखे विवो कंपनी के मोबाइल को झपटमारी कर भाग गया। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 304 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

इस मामले में थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में आरोपी की पता तलाश हेतु थाना स्तर में टीम गठित कर घटनास्थल के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया तथा संदेह के आधार पर मनीष पटेल निवासी ग्राम बिरेझर एवं विधि के विरूद्ध

⏩ शेष पेज 14 पर

## एमआईसी सदस्य आलोक ने की शिकायत

# निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ कलेक्टर से शिकायत

**खास बातें**

- नियमानुसार स्कूलों को एनसीईआरटी व एससीईआरटी किताबों से कराया जाना है पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शहर में संचालित निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ नगर निगम एमआईसी के सदस्य आलोश श्रोती ने लिखित शिकायत कलेक्टर से की है। एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी किताबों की जगह निजी पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव बनाने वाले निजी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग इस पत्र के जरिये की गई है।

इस पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शिकायत पत्र के आधार पर शिक्षा विभाग को एक्शन लेने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने 29 मार्च को एक खबर प्रकाशित की थी, जिस पर निजी स्कूलों द्वारा पालकों पर निजी पब्लिकेशन की किताबें लेने का दबाव बनाया जाने का विषय शामिल था। निजी स्कूलों द्वारा सस्ती किताबों की जगह महंगी किताबें लेने कहा जाता है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निजी स्कूलों द्वारा प्राईवेट पब्लिकेशन से सांठगांठ कर कमीशनखोरी की जा रही है। पालक लगातार यह शिकायत कर रहे हैं कि एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी किताबों के दाम कम होने के बाद भी निजी स्कूल उनसे महंगे दाम की निजी पब्लिकेशन की किताबें खरीदवा रहे हैं। इसको लेकर पालक भी कलेक्टर एवं डीईओ से शिकायत करने की तैयारी में है।

0 **राजनांदगांव।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 20 अप्रैल को सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया जाएगा। प्राक्चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है।

# आईटीआई में कैम्पस सलेक्शन 5 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 5 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे से मेराकी वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मुंद्रा सोलर प्राईवेट लिमिटेड (अडानी सोलर) और अडानी न्यू इंडस्ट्री लिमिटेड (अडानी विंड) के लिए कैम्पस सलेक्शन रखा गया है।

आईटीआई (आल टेक्नीकल ट्रेड), डिप्लोमा (मेकनिकल, इलेक्ट्रीशियन, इटीसी, केमिकल), बीए, बी.कॉम, बीएससी उत्तीर्ण 18 से 28 वर्ष के केवल पुरूष अभ्यर्थी अपने सम्पूर्ण दस्तावेजों की मूलप्रति एवं छायाप्रति तथा पासपोर्ट साईज 2 फोटो, बैंक एकाउंट, आधार कार्ड तथा वोटर आईडी के साथ कैम्पस में शामिल हो सकते हैं।











## मांय एंगल



## खबर संक्षेप

### बच्चों को बनाएं संस्कारवान



**पटेवा।** ग्राम पटेवा में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन के चौथे दिन कथावाचक पं. श्री दिग्विजय शर्मा ने कहा कि शिव महापुराण की कथा को एकाग्र चित्त होकर सुनना चाहिए। मनुष्य को दिखावा नहीं करना चाहिए। मन में ईर्ष्या भाव नहीं होने चाहिए। प्रकृति की रक्षा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर मनुष्य को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए, क्योंकि मनुष्य का जन्म प्रकृति और पशु पक्षियों की रक्षा के लिए हुआ है। उन्होंने रामचरित मानस की चौपाई का उदाहरण देते हुए बताया कि बच्चों को अच्छा संस्कार दें।

### अध्यक्ष ने नए तालाब का लिया जायजा



**छुरिया।** नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, पूर्व नपं उपाध्यक्ष रोमी भाटिया, सीएमओ अजय सिंह, इंजीनियर अजय प्रधान ने नए तालाब का निरीक्षण किया। तालाब की गंदगी को देखकर श्री पटेल ने सफाई करने का निर्देश दिया। नए तालाब में लोग नहाते और कपड़े धोते है। यहां का जल स्तर तेजी से घट रहा है। पानी मटमैला होने लगा है। लोग तालाब में कचरा डालकर गंदा कर रहे हैं। तालाब के चारों ओर गंदगी फैली है जिससे भी पानी दूषित हो रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने जायजा लेते हुए सफाई करने एवं कचरा फेंकने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिया।

### मधुलिका हुई नवोदय के लिए चयनित



**कल्लूबंजारी।** सरस्वती शिशु मंदिर गैंदाटोला की छात्रा मधुलिका परतेती का नवोदय विद्यालय डोंगरगढ़ की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन हुआ है।मधुलिका कोलयारी निवासी पंकज गोंड़िया एवं बेलकैना गोंड़िन की सुपुत्री है।मधुलिका को चेतन साहू, आशीष गुप्ता, दिनेश कुरेटी, नाथूराम सूर्यवंशी, राजेश नेताम, खिलावन ठाकुर, राजेश मंडावी, मोहन कोमरे, रूपचन्द हमराज, भारत कोटेलकर, जसवंत साहू, कुंवरसिंह, संजय कोर्राम, बालमुकुन्द कुंजाम, ढालसिंह मंडावी, अमरदास बंजारे, जयनारायण सार्वा, गुमान मंडावी, खेलनसिंह, मनोज रावटे, गिरधारी, ईश्वरी, परमिला, संतोष पडोटी, तुलाराम, दिग्विजय, तोमेश टेकाम, प्रवीण ठाकुर, राजेश्वर ध्रुर्वे, मिथलेश आदि ने बधाई दी है।

---

### भजन कीर्तन करते किया बिजली दफ्तर का घेराव, अधिकारियों को चेताया

# लो वोल्टेज, अघोषित बिजली कटौती को लेकर नपं अध्यक्ष की गांधीगिरि

**अध्यक्ष ने बताया बिजली कटौती से लोगों का व्यवसाय हो रहा प्रभावित**

**पानी सप्लाई बाधित होने से नागरिक परेशान**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती निदान की मांग करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नागरिकों को साथ लेकर गांधीगिरी करते हुए प्रदर्शन किया । प्रदर्शनकारियों ने बिजली कंपनी के खिलाफ नारेबजी करते हुए व्यवस्था में सुधार की मांग किया।

नगर में कुछ महिने से लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है जिससे पंखा, कूलर, टीवी, एसी काम नहीं कर रहे है। मकानों में लगी मोटर पंप भी काम नही कर रहे है जिससे जल संकट की स्थिति बनी है। बिजली पर आधारित व्यवसाय जैसे हालर मिल, वेल्डिंग शाप, फोटोकापी मशीन, इलेक्ट्रानिक्स व इलेक्ट्रिकल दुकान आदि प्रभावित हो रहे है। नागरिको से निरंतर शिकायतें मिलने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने टीम के साथ विद्युत वितरण कंपनी के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रिय भजन गाते हुए अधिकारियों को सदबुद्धि देने की प्रार्थना कर रहे थे। बिजली कार्यालय के सामने दो घंटे तक प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते रहे। अंत में सहायक अभियंता को वोल्टेज की समस्या दुरूस्त करने और अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में पार्षद उमा निषाद, विनोद डेहरिया, शंकर निषाद, मनीश बंसोड़, शमीमुद्दीन कुरैशी, मंजित अरोरा, छगन बंजारे, बिटटु रब्बानी, प्रमोद ठलाल, लोकदीप बोरकर, जयलाल सिन्हा, रामू यादव, पन्ना कुंजाम, रामचरण सारथी, रजिया बेगम, रेहाना बेगम, शोभा भोयर, रिनी पोरेटी, रानू भूआर्य, मुस्कान पोरेटी, नेहा, वैभव परिहार, अमन डोंगेरे, आकाश कसार, शिवम बाजपेयी, बाबू दुबे, सुरेश देशमुख, शरीफ कुरैशी, पिन्टु तिवारी, ओंकार बारसागढे, अविनाश भोयर सहित अन्य शामिल हुए।

#### बिजली बहाल रखने की मांग

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने बिजली कंपनी के अधिकारियों से आग्रह किया कि प्रतिदिन प्रातः 6 से 9 और शाम को 4 से 6 बजे तक बिजली गुल नहीं की जाए। उन्होंने बताया कि सुबह- शाम यह समय नगर में पेयजल आपूर्ति किया जाता है। बिजली गुल होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होती है जिससे जनसामान्य को पानी उपलब्ध कराने में समस्या होती है।

#### समस्या नहीं सुलझी तो आंदोलन

श्री मानिकपुरी ने अधिकारियों को आगाह किया कि जल्द से जल्द समस्या नहीं सुलझी तो आने वाले समय उग्र आंदोलन किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि आज का प्रदर्शन सांकेतिक था किन्तु समस्या से निजात नहीं मिली तो आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।



#### एकटकन्हार से सीधी लाइन को जल्द पहुंचाने की मांग

नगर में लो वोल्टेज व बिजली गुल के समस्या के निदान के लिए एकटकन्हार से अंबागढ चौकी आ रही लाईन को जल्द से जल्द पहुचाने की मांग की है। नगर अध्यक्ष ने अंबागढ चौकी नगर व क्षेत्र की लो वोल्टेज व बिजली कटौती से जुडी समस्या के निराकरण के लिए बिजली कंपनी के अलावा प्रषासन से जुडे षीर्श अधिकारियो से चर्चा कर चौकी नगर व क्षेत्र में बिजली व्यवस्था नियमित बहाल रखने की मांग रखी।

#### सुधार का प्रयास जारी

षीर्श अधिकारियो को समस्या की जानकारी दी गई है। मार्गदर्षन लेकर बिजली से जुडी समस्या के निकरारण के लिए कार्य किया जा रहा है। - **बी.एन.कुर्रे,** एई विद्युत विभाग

#### कटौती का समय तय हो

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने अधिकारियो से कटौती का समय निर्धारित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में बिजली खपत बढ जाती है जिससे समय बेसमय पावर कट कर दिया जाता है। नगर अध्यक्ष ने अधिकारियो को आगाह किया कि वह कटौती करे लेकिन समय निर्धारित और पहले से तय होनी चाहिए। कटौती का समय घोषित कर दिया जाएगा तो नगरवासी अपनी व्यवस्था पहले से बना कर रखेगे। अचानक घंटो बिजली गुल होने से नागरिकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

---

## एनीकट निर्माण, हाईस्कूल उन्नयन की मांग



**गंडई पंडरिया।** ग्राम कटोरी की नदी के क्षतिग्रस्त एनीकट को पुनः बनाने एवं ढाबा हाईस्कूल के उन्नयन की मांग को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकर,ग्राम ढाबा ,सेतवा और कटोरी एवं अन्य ग्राम के ग्रामीणों ने गत दिनों रायपुर में विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात किया।

- विधानसभा अध्यक्ष से मिला ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल

ग्रामीणों ने पूर्व मुख्यमंत्री को बताया कि बरसात के दिनों में कटोरी स्थित एनीकट भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया है। एनिकट के टूटने से बांध का पानी सेतवा तक नहीं पहुंच रहा है जिससे किसानों को सिंचाई की समस्या से जूझना पड़ रहा है। एनीकट का निर्माण कराने से किसानों को राहत मिल सकेगी।उन्होंने बताया कि ग्राम ढाबा में 2010 के ग्राम सुराज अभियान के दौरान हाईस्कूल की स्वीकृति दिया था जिसका हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन कराया जाना चाहिए ताकि बच्चों को लाभ मिल सके। पूर्व मुख्यमंत्री ने जल्द ही मांग पूरा कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार ,शाला विकास समिति ढाबा के अध्यक्ष बोधराज देवांगन, धोधा के सरपंच दूजे वर्मा , ढाबा सरपंच हेमंत वर्मा, सर्राकापा सरपंच शंकर गंधर्व, ख़ौडा सरपंच जने पटेल , कटोरी के पूर्व सरपंच अघन लाल साहू, समिति अध्यक्ष सुखदेव पटेल, मन्नू रजक, खेलावन यादव ,संतोष साहू आदि मौजूद थे।

## बेची अधिग्रहित जमीन, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अछोली जलाशय में डूबान क्षेत्र में शामिल भूमि को बेचने खरीदने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में बड़ी लापरवाही यह सामने आई है कि मुआवजा का भुगतान करने के बाद राजस्व रिकार्ड से किसानों का नाम हटाया ही नहीं गया है।

जानकारी के अनुसार 1979-80 में भूमि स्वामी को मुआवजा देने के पश्चात अछोली जलाशय के डूबान क्षेत्र में आने वाली जमीन का भू अर्जन किया गया था। जल संसाधन विभाग के स्वामित्व में आ चुकी जमीन को वर्तमान वारिसों ने अपनी बताते हुए बेच दिया है। इस मामले को जल संसाधन विभाग ने संज्ञान में लेते हुए आरोपियों के विरूद्ध थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

सवाल यह है कि जब 1970 में अछोली डैम निर्माण के दौरान डूबान क्षेत्र में आने वाले किसानों को जमीन के मुआवजा का भुगतान 1978- 79 में कर दिया था इसके बाद राजस्व विभाग ने अधिग्रहित भूमि से किसानों के नाम हटाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त क्यों नहीं किया? राजस्व विभाग की इस लापरवाही का फायदा भूमाफियाओं ने इस तरह उठाया। जानकारी के अनुसार 2022-23 में मुआवजा प्राप्त कर चुके किसानों के वारिसों से मिलीभगत कर जल संसाधन विभाग की भूमि को खरीद लिया। इस जमीन की रजिस्ट्री भी हो गई।

#### सीमांकन से हुआ खुलासा

मामले का खुलासा तब हुआ जब जल संसाधन विभाग ने अछोली डेम की संपूर्ण भूमि का सीमांकन कराया। भू-माफिया द्वारा किसानों तथा प्रशासन को गुमराह करते हुए जिन जमीनों का रजिस्ट्री कराया गया है वह जल संसाधन विभाग के स्वामित्व वाली है। जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 255/1 विक्रय रकबा 0.33 एकड़ चेतनदास पिता दयादास साहू, खसरा नंबर 256 विक्रय रकबा 1.21 एकड़ विवेकदास पिता रामदास साहू, खसरा नंबर 259 विक्रय रकबा 0.30 एकड़ फिरंगीराम पिता ठाकुरराम, खसरा नंबर 260 बिक्री रकबा 0.53 एकड़ मीनाबाई उर्फ लताबाई पिता विश्वनाथ यादव, रेखाबाई पिता विश्वनाथ यादव द्वारा बेच दिया गया है।

#### दर्ज कराया प्राथमिकी

उल्लेखनीय हे कि भूअर्जन के पश्चात उक्त भूमि 1979-80 से जल संसाधन विभाग की स्वामित्व में है किन्तु पूर्व भूमि स्वामियों ने जल संसाधन विभाग से पूर्ण मुआवजा लेने के बाद भी भू स्वामियों ने अपनी बताते हुए बेच दिया है। कलेक्टर के निर्देश पर जल संसाधन विभाग के एसडीओ एस सिद्दीकी ने थाना में शिकायत दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी मनोज मरकाम ने मामला संज्ञान में आने के बाद जिन लोगों ने जमीन बेचा है को नोटिस भेजा था। जवाब संतोषजनक नहीं आने पर थाना शिकायत दर्ज कराई गई है।

## अधिकारों के लिए छात्र रहें सजग



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

नवीन शासकीय महाविद्यालय में गुरूवार को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में अंतर्विभागीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्य ने अंतर्विभागीय व्याख्यान में अन्य विषयो की जानकारी प्राप्त कर विद्यार्थी को ज्ञान का समन्वय बनाये रखने पर जोर दिया। वाणिज्य विभाग की अतिथि व्याख्याता शुभि जैन ने छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटरीकृत लेखा, टेली सॉफ्टवेयर की जानकारी देते हुए बताया कि टैली सॉफ्टवेयर को एकल सॉफ्टवेयर के रूप में व्यावसायिक कार्यों जैसे कि वित्त, विक्रय, निर्माण, क्रय और इन्वेंट्री को एकीकृत करने के लिए डिजाइन किया गया है। कला संकाय की अतिथि व्याख्याता चांदनी पराते ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अधिकारों के प्रति सचते रहने कहा। उन्होंने उपभोक्ता फोरम के संदर्भ में भी विस्तार से विद्यार्थियों को बताया।

- अंतरविभागीय व्याख्यान का आयोजन

## पिपरिया जलाशय के केज कल्चर का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

मछली पालन विभाग के संचालक एनएस नाग ने गत दिनों रानी रश्मिदेवी पिपरिया जलाशय, छिंदारी बांध का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बातों ही बातों में इशारा किया कि जो केज निष्क्रिय या बंद है उन्हें आने वाले दिनों में निकालकर बंद कर दिया जाएगा। मछली पालन विभाग के संचालक श्री नाग गत 2 अप्रैल को रानी रश्मि देवी पिपरिया जलाशय, छिंदारी बांध के केज कल्चर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान सहायक संचालक मछली पालन प्रदीप भोले, एमएस कमल सहायक संचालक, क्षेत्रीय अधिकारी प्रवेज कुमार कोल्हे, चित्रकांत देशमुख भी मौजूद थे।

#### कार्यों पर जताया खुशी

संचालक श्री नाग ने यहां संचालित केज के कार्यों को देखकर खुशी जाहिर किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में और सुविधा दी जाएगी। ज्ञात हो कि जिले में मछली पालन हेतु रानी रश्मि देवी जलाशय उपयुक्त है। यहां मछली पालन को बढ़ावा दिया जा सकता है। उन्होंने रानी रश्मि देवी जलाशय में हितग्राही मायादेवी निषाद, मनोज निषाद, माधुरी निषाद, भावना ढीमर, सोनू ढीमर, बलदेव कंवर, उर्मिला देवी एवं अन्य 9 हितग्राहियों द्वारा स्थापित केज का निरीक्षण किया। इस दौरान मछली व्यवसायी बलदेव, नसीम खान, फैजान खान, मुख्तार खान सहित अन्य उपस्थित थे।

## सामुदायिक भवन पर कब्जा पालिका ने थमाया नोटिस



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर के वार्ड 14 के सामुदायिक भवन पर अतिक्रमण करने के मामले में कार्रवाई करते हुए नगर पालिका ने अतिक्रमण कर्ता जीवनलाल सिंन्हा को नोटिस थमाया है। सीएमओ चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि सामुदायिक भवन पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने का पता चलने पर वार्ड 14 निवासी जीवनलाल सिंन्हा को नोटिस दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी भवन पर कब्जा करना नगरपालिका अधिनियम की धारा 187, 223 का उलंघन और दंडनीय अपराध है। अतिक्रमण को हटाकर 3 दिन के अंदर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया। अतिक्रमित स्थान को खाली नहीं किया गया तो अतिक्रमणकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

---

### कर्मा जयंती समारोह का आयोजन

# भवन के लिए 6 लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़



विधायक दलेश्वर ग्राम टोलागांव ओडार में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती समारोह में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जीवन में हर व्यक्ति को अच्छा करने का अवसर मिलता है जिससे स्वयं को साबित किया जा सकता है। उन्होने समाज की मांग पर सामाजिक भवन के लिए 6 लाख देने की घोषणा की। अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने की। विशिष्ट अतिथि जयश्री साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू , जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जागृति यदु, जनपद सदस्य खुमान नेताम, सरपंच सुनीता भुवाल पटेल थी। इस मौके पर अध्यक्ष श्री साहू ने तहसील साहू संघ द्वारा शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। संरक्षक अमरनाथ साहू ने सामाजिक नियमावली में समय के साथ हुए बदलाव की जानकारी दी। जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने साहू समाज को एक आदर्श समाज बताते हुए कहा कि उसकी कई अच्छी पहल है जिनका अनुकरण करना चाहिए।

कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र साहू, महेश साहू ने किया। इस दौरान मूलचंद साहू, सीएल हिरवानी, पूनाराम सिन्हा, नेकराम सिन्हा, राधेश्याम साहू, महेश साहू, धर्मेंद्र साहू, मनोज साहू, तोरण साहू, गंभीर साहू, नेमदास साहू, सावित्रीबाई, सीता साहू, सुनीता साहू, चित्ररेखा साहू, कोमल साहू, चुम्मन साहू, देवंत साहू, लीला साहू, बिरबल साहू, लखन साहू, बुधराम साहू, अर्जुन साहू आदि उपस्थित थे।

#### गाजे बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

इसके पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष राधेश्याम साहू, सचिव महेश साहू, ग्राम अध्यक्ष तोरण साहू, सचिव गंभीर साहू की अगुवाई मे विशाल कलश यात्रा बाजे गाजे के साथ निकाला गया जो गांव का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। अतिथियों की उपस्थति में सामूहिक पूजा आरती की गई। बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## नौ बोर से केबल वायरों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम बेलगांव के खेतों में लगे बोर के केबल वायर की चोरी होने से कृषक परेशान हैं। एक माह के भीतर कई बार केबल वायर चोरी होने की घटना हो चुकी है।

एक रात में नौ किसानों के खेतों में लगे बोर के केबल वायर की चोरी की घटना से किसानों में भय पैदा हो गया है। बताया जाता है कि क्षेत्र में केबल वायर चोरों का गिरोह सक्रिय है। बेलगांव के अलावा ग्राम माड़ीतराई में 31 मार्च एवं एक अप्रेल की दरमियानी रात को नौ किसानों के खेतों में लगे बोर के केबल वायर को चोर काटकर ले गए है।

माड़ीतराई के लोकेश्वर वर्मा, लालचंद वर्मा, पुकलाल साहू, लालसिंग वर्मा, खेमचंद वर्मा, चेतन साहू, हिरदे वर्मा, धर्मेन्द्र साहू और कन्हैया साहू के बोर से केबल वायर की चोरी हुई है।

इसी तरह कन्हैया साहू के घर से स्पीकर एवं बैटरी की चोरी हो चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार एक माह के भीतर केबल चोरी की तीसरी घटना है। इसके पूर्व भी दो बार चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

### निधन

#### लक्ष्मी नारायण सोनी



**डोंगरगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी नारायण सोनी का स्वर्गवास हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें अन्य लोग शामिल हुए।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पानी पाठशाला का आयोजन कल

**मोहला।** वाटरशेड यात्रा आउटरीच अभियान के तहत 5 अप्रैल को चिल्हाटी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में पानी की पाठशाला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग जलग्रहण परियोजना क्षेत्र में प्रचार-प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा रथ का प्रदर्शन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जल संरक्षण एवं प्रबंधन को लेकर जन जागरूकता बढ़ाना है।

### समाज गौरव सम्मान से सम्मानित हुई वेदकुमारी



**खैरागढ़।** छात्रो व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा ब्लाक के पिपलाकछार स्थिति अंवति विद्याा मंदिर की शिक्षिका वेदकुमारी साहू को विधायक पुरंदर मिश्रा, डीईओ विजय खंडेलवाल, छालीवुड अभिनेत्री जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम, उड़ान नई दिशा के संस्थापक निधी चंद्राकर, परसराम साहू, संस्था संस्थपक संजय कुमार मैथिल द्वारा समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र मे नित नवीन नवाचार सहित अंचल की मशहूर मंच संचालिका वेदकुमारी साहू की बेहतर कार्यशैली से बच्चों के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन हुआ है। शाला स्टाफ सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

### 6 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** रामनवमी के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल को निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

## निधन

### सरदार कुलदीप सिंह खनूजा



**राजनांदगांव।** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एचआईजी 25 कमला कॉलेज रोड निवासी सरदार कुलदीप सिंह खनूजा पिता स्वर्गीय स.परमजीत सिंह खनूजा का गुरुवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा कल 4 अप्रैल को प्रातः 10 बजे निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

### संगीत विवि में सुधार को लेकर उठाने होंगे कड़े कदम

# दस सालों में संगीत विवि के तीन शिक्षकों पर लगे गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

संगीत और ललित कला को समर्पित एशिया का एकमात्र और देश के सबसे प्रतिष्ठित इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर लगातार वही के लोग बट्टा लगाने में तुले हुए है। बीते दस सालों में वहॉ पढ़ने वाली बच्चियों के साथ परीक्षा में अच्छे अंक दिलाने, संविदा में नौकरी लगवाने या फिर देश प्रदेश के बड़े मंच में परफार्मेंस की गारंटी देकर शोषण की लगातार तीन बड़ी घटनाओं ने झकझोर दिया है।

इस दफे कला संकाय के डीन और नाट्य विभाग के प्रमुख डॉ. योगेंद्र चौबे पर उन्हीं के विभाग की शिष्या ने गंदे मैसेज और रील भेजकर संबंध बनाने का दबाव बनाने व छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है हालांकि यह मामला दो साल पुराना है, लेकिन विवि प्रशासन पास शिकायत के बाद भी कारवाई नही होने से पीड़ित छात्रा ने राष्ट्रीय महिला आयोग में गुहार लगाई थी जिसके बाद उनके निर्देश पर मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर स्पेशल कोर्ट मे पेश किया गया, लेकिन दो दिन की रिमांड बाद जमानत आवेदन पर कोर्ट ने मनाही कर दी। इससे पहले विवि के डिजाइनिंग डिपार्टमेंट के शिक्षक वेंकट रमन गुडे के खिलाफ भी इसी तरह का मामला पंजीबद्ध किया गया था जो अभी न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ दिन पहले ओडिसी विभाग के शिक्षक सुशांत दास के विरुद्ध भी अश्लील वीडिओ बनाने और क्लास की छात्राओं को बुरी नीयत से देखने का मामला भी सामने आया था, लेकिन उक्त मामले में ठोस कारवाई नहीं हुई हालांकि इन मामलों में कितनी सच्चाई है।

यह न्यायालय का निर्णय आने के बाद ही पता चलेगा लेकिन बीते कुछ वर्षों में विवि में निरंकुशता का वातावरण बना है और भारतीय कला व संगीत का संरक्षण करने के लिए राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह व रानी पदमावती देवी द्वारा अपनी पुत्री स्वं इंदिरा के नाम पर स्थापित इंदिरा कला संगीत विवि अब भारतीय संस्कार व संस्कृति के विच्छेदन का केंद्र बन गया है।



### विशेष अभियान चलाने की जरूरत

संगीत विवि में बढ़ती अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार और नैतिक गिरावट को रोकने के लिए प्रशासन को सख्त कदम उठाने होंगे। गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा बनाए रखने, शिक्षा के स्तर को सुधारने और छात्रों के नैतिक मूल्यों को पुनर्स्थापित करने के लिए विश्वविद्यालय प्रबंधन को ठोस नीतियां अपनानी होंगी। साथ ही, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है। यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो यह विश्वविद्यालय की साख को और अधिक नुकसान पहुंचा सकता है।

### बढ़ रही लिव इन संस्कृति

स्थानीय स्तर भी विवि के भीतर व बाहर दोनों तरफ वातावरण में बदलाव नजर आ रहा है। किराए के मकानों में रह रहे स्टुडेंट्स बेधड़क लिव इन रिलेशन में रह रहे हैं। किराए के लालच में मकान मालिकों का भी इस पर अंकुश नहीं हैं। शहर के पॉश इलाकों में रह रहे इन छात्रों पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं है। जिसकी वजह से छात्र छात्राएं एक साथ रह रहे हैं। वही कला बैठकों के नाम पर देर रात तक संगीत की महफिले सजती हैं जिनमें शिक्षकों के साथ देर रात स्टुडेंट्स भी इन महाफिलों में शामिल रहते हैं। जिसके चलते देर रात तक शहर में इनकी चहलकदमी बनी रहती है। इसके अलावा विवि में पदस्थ प्रोफेसर व शिक्षकों की रूचि भी विवि में लग रही कक्षाओं में भी इन को लेकर विशेष कोई रूचि नहीं दिखती लेकिन ट्यूशन के नाम पर यही इनके घरों में पढ़ने जाते हैं जबकि विवि में ही कला शिक्षा के लिए सुलभ वातावरण है।

### सार्वजनिक जगहों पर उड़ा रहे धुंआ

विवि में अध्ययनरत स्टुडेंट्स जिनमें लड़कियां भी शामिल है शराब, गांजा, सिगरेट के साथ महंगे नशों के आदि हो चुके हैं इन्हें सुबह, दोपहर, शाम, रात चारों पहर नगर के सभी प्रमुख होटलों के आगे पीछे नशों के कश लगाते देखा जा सकता है। विवि में शुरू से ही गुरु शिष्य परमपरा का पालन होता है। जिसके तहत छात्र गुरु को किसी अभिभावक की तरह मानते हैं, लेकिन इसकी आड़ में अब इनका शोषण भी होता है। क्योंकि छात्र अपने प्रोफेसर के घर में साग-सब्जी लाने से लेकर घर के काम भी करते हैं। विवि की शिक्षा प्रणाली में सबसे ज्यादा प्रभाव प्रेक्टिकल के नंबरों का होता है और इसी नंबर की आड़ में तमाम तरह की बेजा गतिविधियां हो रही हैं। यहां तक पीएचडी डिग्री के लिए कीमती ज्वेलरी से लेकर कीमती साड़ियां, लैपटॉप जैसे कीमती सामान तक प्रोफेसर और शिक्षकों को शोधार्थी गिफ्ट करते हैं। जानकारों का मानना है कि संगीत विवि की वर्तमान दशा को सुधारने और उबारने मन माफिक नियुक्तियों में भर्राशाही, जरूरी वाद्य यंत्रो व सामानों की खरीदी में हेरा फेरी, निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार और एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की आदतों को दूर करना होगा।

### शैक्षणिक गिरावट, अकादमिक कुलपति की नियुक्ति आवश्यक

विगत कई वर्षों से इंदिरा कला संगीत विवि में अकादमिक पृष्ठभूमि से कुलपति की नियुक्ति नहीं होने के कारण शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है। कुलपति की नियुक्ति प्रक्रिया दिसंबर 2024 में पूरी हो गई लेकिन अब तक नियुक्ति नहीं हो सकी है। अकादमिक कुलपति के अभाव में विश्वविद्यालय में प्रशासनिक नियंत्रण की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। पूर्व में जब विश्वविद्यालय का नेतृत्व शैक्षणिक विशेषज्ञों के हाथों में था, तब इसे ए ग्रेड प्राप्त हुआ था लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में, पूर्णकालिक एवं अकादमिक दृष्टिकोण रखने वाले कुलपति के अभाव के कारण विवि का स्तर सी ग्रेड तक गिर गया है। यदि शीघ्र ही योग्य व अकादमिक दृष्टि से सक्षम कुलपति की नियुक्ति की जाती है, तो विवि के शैक्षिक और प्रशासनिक ढांचे में सुधार की संभावना बढ़ सकती हैं। विवि प्रशासन और संबंधित प्राधिकरणों को इस विषय में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए ताकि संस्थान की प्रतिष्ठा व शैक्षिक गुणवत्ता पुनः सुदृढ़ हो सके। इसके अलावा कुलसचिव को लेकर भी विकट स्थिति बनी हुई है बीते छै महीनों से शासन ने एडीएम को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार दे दिया है इसके अलावा जिपं सीईओ के रूप में भी उनकी तैनाती कर दी गई है जिसके चलते संगीत विवि के साथ साथ विवि की प्रशासनिक व्यवस्था भी डगमगा गई है।

# उदयपुर में शराब दुकान खोलने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



- व्यापारिक दृष्टिकोण से 100 से अधिक व्यापारियों व ग्रामीणों ने रखी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आबकारी विभाग के द्वारा प्रदेश में 67 नई शराब दुकान खोलने का ऐलान किया गया है जिसके अंतर्गत जिले में भी कई जगहों पर नई शराब दुकान खुल रही है इसे लेकर आसपास के इलाके में व्यापारिक दृष्टिकोण से प्रमुख केंद्र बिंदु उदयपुर के सौ से ज्यादा व्यापारियों व ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को आवेदन सौंपकर गांव में शराब दुकान खोलने की मांग की है। उनका कहना है कि ग्राम में देसी/अंग्रेजी शराब दुकान खुल जाने से अवैध नकली महुआ शराब का कारोबार पर लगाम लगाया जा सकता है।

उदयपुर के गली मुहल्लों पर अवैध कारोबारियों द्वारा घूम घूम कर शराब बेचा जा रहा है लगभग 50 से अधिक कोचिये अवैध व्यापार में लिप्त है जिनकी गुंडागर्दी चरम पर है। ग्रामीणों का कहना है कि गली मुहल्ले में घूमघूमकर अवैध शराब बेचने वालों पर लगाम लगाने गांव में एक नियमित स्थान पर शराब दुकान खोले जाना जरूरी हो गया है। उन्होंने बताया कि खपरी दरबार में लगभग 120-130 लोग केमिकल युक्त अवैध नकली महुआ शराब बनाने का काम करते हैं जिसमें महिलाएं भी शामिल है। रोज हजारों लीटर कच्ची शराब बनाकर 15 से 20 गांवों में सप्लाई हो रही है। शासन द्वारा दुकान खोले जाने से नकली महुआ शराब बिक्री पर आसानी से लगाम लगाया जा सकता है।

### अवैध शराब बिक्री बंद कराने रूचि नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी ग्राम उदयपुर में शराब दुकान खोले जाने पर चर्चा हुई थी जिस पर महिला समूह ने आपत्ति दर्ज करते हुए शराब दुकान खोलने का विरोध किया था साथ ही अवैध एवं नकली महुआ शराब पर भी लगाम लगाने के लिए सड़क पर उतरने की धमकी दी परंतु महिला समूह द्वारा दी गई धमकी खोखली साबित हो रही है। उदयपुर, खपरी दरबार में महिला समूह के परिवार के लोग ही नकली महुआ शराब बनाने बेचने के काम में लगे है जिसके चलते महिला समूह अवैध कारोबार पर लगाम लगाने किसी प्रकार की रुचि नहीं दिखा रही है।

### महिलाएं भी शामिल

खपरी दरबार में 120-130 लोग अवैध महुआ शराब बनाते हैं शराब के कारोबार में महिलाएं भी शामिल हैं अवैध कारोबार को बंद कराने में महिला समूह रुचि नहीं दिख रही है। - **गुलशन तिवारी,** जिलाध्यक्ष, युवा कांग्रेस

# आर्थिक मजबूती होना चाहिए पहला लक्ष्य : साहू


हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



ब्लाक के चारभांठा में परिक्षेत्रीय स्तर पर आयोजित संत माता कर्मा जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में विप्लव साहू अध्यक्ष शैक्षिक प्रगतिशील मंच शामिल हुए। बतौर मुख्य अतिथि कमल किशोर साहू संरक्षक जिला साहू संघ राजनांदगांव, नीरा साहू उपाध्यक्ष, मंथिर साहू अध्यक्ष और हीरेन्द्र साहू सचिव तहसील साहू संघ घुमका मौजूद थे।

साहू समाज को संदेश देते हुए विप्लव साहू ने कहा कि समाज के युवक युवतियों को शिक्षा के साथ अर्थव्यवस्था और कैरियर को मजबूत करना चाहिए क्योंकि आर्थिक मजबूती ही सभी सुख-सुविधा और शांति का मार्ग है। इसके बगैर समाज और संसार में व्यक्ति का कोई भी बड़ा काम कर पाना असंभव है। हजारों साल पहले संत माता कर्मा ने समाज के मान-सम्मान और अधिकार के लिए गैर बराबरी को समाप्त कर सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए जातिवाद, पाखंडवाद, अधार्मिक आडंबरवाद, सामंतवाद और अन्यायी राजतंत्र जैसे सशक्त तंत्र के खिलाफ सभी जाति वर्ग को संगठित करके लंबे समय तक संघर्ष किया और समाज के लोगों को इस संघर्ष का नेतृत्व करने का आव्हान किया था। इस दौरान पार्वती साहू, कल्पना साहू, परमानन्द साहू, दिलीप साहू, भगवानदास साहू, सरपंच सुनीता साहू, महेश्वरी साहू सहित समस्त परिक्षेत्र पदाधिकारी व ग्रामवासियों की उपस्थित थे।

# शीतला मंदिर का लोकार्पण



- ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ठेकवा में शीतला मंदिर का लोकार्पण विधायक दलेश्वर साहू एवं डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। स्वागत के बाद विधायक साहू ने बताया कि उनकी अनुशंसा से भवन निर्माण हुआ है। साहू समाज की बाहुल्यता को देखते हुए उन्होंने कहा कि साहू समाज का भवन बनवाया जाएगा। उन्होंने मुरूमीकरण कराने की घोषणा की। जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा ने ग्रामीणों की मांग पर शीतला मंदिर में शेड, रेलिंग एवं अन्य कामों को प्राथमिकता से कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि मेरे लिए भावुक क्षण है कि आप लोगों ने मुझे तीसरी बार अपार दुलार देकर जिताया है। उन्होंने मंच के पास काक्रीटीकरण कराने की घोषणा की।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने भी संबोधित किया। संचालन मदन मोहन साहू और आभार व्यक्त सरपंच कली निर्मल साहू ने किया। इस दौरान आशा मंडावी, योगदास साहू, ईश्वरी साहू, पवन साहू, प्रिया साहू, फिरोज साहू, प्रमिला साहू ,राजेंद्र साहू, किशोर साहू, पूनमदास साहू, चंदूलाल साहू, छगन साहू, गैंदलाल, नरेश साहू, दीपक, उमराव साहू, महावीर साहू, मानिक साहू, बुधराम मंडावी, राजेश यादव, नकुल, टिंकू, सुदर्शन, बली, रामचंद्र साहू आदि उपस्थित थे।

# पंचायत में पांच स्थाई समितियों का गठन

**सोमनी।** जनपद पंचायत के सीईओ के निर्देश पर में 2 अप्रैल को पीठासीन अधिकारी, रोजगार सहायक की उपस्थिति में ग्राम पंचायत सोमनी में सरपंच नीलिमा साहू, उपसरपंच विजयसिंह राजपूत एवं पंचों की सहमति से पांच स्थायी समितियों का गठन किया गया। सामान्य प्रशासन समिति में नीलिमा साहू पदेन सभापति, रेणु गोस्वामी, बरखा यादव, रेखा विश्वकर्मा, प्रताप मैथिल क्षत्री सदस्य है। निर्माण एवं विकास समिति में संतोष कुमार यादव सभापति, विजय सिंह राजपूत, गजेन्द्र बंजारे, नंदा वर्मा, प्रताप मैथिली क्षत्री सदस्य, शिक्षा स्वास्थ्य समाज कल्याण तथा स्वच्छता समिति में विजय सिंह राजपूत सभापति, विजय बघेल, भुवन खांडेवार, कुन्ती खटे, जितेन्द्र बंजारे सदस्य, कृषि- राजस्व एवं वन समिति में भारती टंडन सभापति, केशरीबाई, कृष्णा सोनी, तीजनबाई निषाद सदस्य, ग्राम गौठान समिति में रोशन निषाद सभापति, संतोष कुमार यादव, अनिता साहू, गोविन्द साहू सदस्य चुने गए हैं।

# पंचमी पर माता का विशेष श्रृंगार



**डोंगरगढ़।** नवरात्र पंचमी तक लगभग 3 लाख दर्शनार्थियों ने उपस्थिति दर्ज कराकर माता का आशिर्वाद लिया। पूर्व सालों की तुलना में इस बार दर्शनार्थियों की संख्या कमी देखने मिल रही है। पंचमी के दिन देर रात तक 1 लाख दर्शनार्थी पहुंचे थे। पंचमी का माता का विशेष श्रृंगार किया गया। माता के गर्भगृह को नागपुर और कलकत्ता के फूलों और फलों से सजाया गया था। फलों से सजाया गया माता का दरबार दर्शनार्थियो के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा। श्रृंगार में उपयोग किए गए फलो को आरती के बाद भोग प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

**ज्योति विसर्जन छह को**

चैत्र नवरात्रि पर्व अंतर्गत 6 अप्रैल को ज्योति विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा। शोभायात्रा पूर्व निर्धारित मार्ग से निकलेगी। जिन श्रद्धालुओं ने नीचे मंदिर, शीतला मंदिर में ज्योति कलश स्थापित किया है वह 4 एवं 5 अप्रैल को प्रातः 10 से दोपहर 1 तक संध्या 4 से 6 बजे तक ज्योति कलश उठाने का बिल्ला ज्योति कार्ड लाकर नीचे मंदिर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# भाजपा नेताओं ने माता का किया दर्शन



**डोंगरगढ़।** बुधवार को भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय, प्रदेश प्रवक्ता नीलु शर्मा एवं जिलाध्यक्ष कोमलसिंह राजपूत ने उपर और नीचे मंदिर में जाकर विधिविधान से पूजा अर्चना किया। भाजपा नेताओं के यहां पहुंचने पर नेता एवं कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पदाधिकारीयों ने भी स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामजी भारती, विनोद खांडेकर, सौरभ कोठारी, लक्ष्मीनरायण अग्रवाल, हरविंदर सिंग मंगे, सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, रमन डोंगरे, जस्मित सिंग बन्नोआना, प्रकाश बिंदल, उमा महेश वर्मा, किरण साहू, संतुराव अन्ना, प्रिंस कक्कड, परविंदर सिंग मोटी, पप्पु नामदेव, मयंक डोंगरे, तुलसी मिश्रा, विजेन्द्र ठाकुर, सत्यप्रकाश मिश्रा, रिंकु बंसल, अमित जैन, सरफराज खान, बन्टु निगम, सुषमा कोठारी, सविता दरगढ, प्रीति समुंद्रे, विनित यादव, सुमित मिश्रा, डी एकेश राव, सिवंगी साखरे, शारदा यादव, पियुष साहू, सुमित ताम्रकार, कमलेश उजवने, रेखा राजेश राघोरते, हरिश मोटघरे, पप्पु साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

# महेन्द्र को अध्यक्ष बनाने की मांग

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा राजनांदगांव के जिला एवं मंडल के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने 3 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष निवास पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन पत्र सौंपकर राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष महेंद्र वैष्णव को बनाने की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूर्व में भी लगातार समाज द्वारा राजगामी संपदा का अध्यक्ष बनाने की मांग करते आ रहे है। महेंद्र वैष्णव विगत 30 वर्षों से लगातार सामाजिक कार्य करते आ रहे हैं। अपनी सामाजिक सेवा देते आ रहे हैं। समाज द्वारा वैष्णव समाज की भवन निर्माण के अधूरे कार्य को पूर्ण करने 30 लाख की राशि विधायक निधि से डॉ. रमन सिंह से मांग की गई है। उक्त दोनों मांगों को गंभीरता से लेते डॉ. सिंह द्वारा वैष्णव समाज को आश्वस्त किया गया हैं।

इस अवसर पर प्रदेश सलाहकार देवकुमार निर्वाणी, जिला अध्यक्ष संतोष वैष्णव, जिला प्रभारी शिवकुमार वैष्णव, जिला महासचिव संदीप वैष्णव, जिला संरक्षक महेंद्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष अनूपदास वैष्णव, सलाहकार मेघदास वैष्णव, सचिव तजेंद्र वैष्णव, दिग्विजय वैष्णव, दीपक वैष्णव , सुरेन्द्र वैष्णव, कमलेश वैष्णव, मनोज निर्वाणी, साकेत वैष्णव, मिथलेश्वरी वैष्णव, साकेत वैष्णव, नारायण दास, राजू वैष्णव एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।




## // आम सूचना //

इस आम सूचना पत्र के माध्यम से आप श्री लोचन सिंह राजपूत पिता श्री नेमसिंह राजपूत, आयु लग. 47 वर्ष, निवासी किल्लापारा, वार्ड नं. 37. राजनांदगाँव, तहसील व जिला- राजनॉदगॉव (छ.ग.), हालमुकाम- पं. दीनदयाल कॉलोनी, वेलफेयर सोसायटी, कौरिनभाठा, ब्लॉक नं. 08, थाना- बसंतपुर, तहसील व जिला - राजनांदगाँव (छ.ग.), को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा आपके विरूद्ध परिवाद पत्र अंतर्गत धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम का प्रस्तुत किया गया था जिसका दाण्डिक प्रकरण क्रमांक- 1047/2018, दर्ज किया गया, जो कि, श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, (श्रीमती अंजली सिंह) महोदय, राजनांदगाँव के न्यायालय में विचाराधीन था जिसमें आपके द्वारा मेरे पक्षकार से दिनॉक- 31/07/2024 को राजीनामा कर न्यायालय में प्रकरण समाप्त किया गया जिसमें शेष राशि- 1,77,000/- रूपये की अदायगी हेतु एक चेक क्रमांक- 000006, एच.डी.एफ.सी. बैंक शाखा स्टेडियम रोड, राजनांदगांव का दिनॉक- 20/01/2025 का प्रदान किया गया जिसके संबंध में दिनॉक-31/07/2024 को आपके एवं मेरे पक्षकार के मध्य इकरारनामा निष्पादित किया गया और राशि- 1,77,000/- रूपये दिनॉक 20/01/2025 तक प्रदान करने का इकरार किया गया। समयावधि में शेष राशि 1,77,000/- रूपये का भुगतान नही किये जाने के कारण मेरे पक्षकार द्वारा आपके द्वारा प्रदत्त चेक को भुगतान हेतु अपने बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा रामाधीन मार्ग, राजनांदगाँव में प्रस्तुत किया जो कि, दिनोंक- 23/01/2025 को अपर्याप्त निधि की टीप के साथ अनादरित हो गया, जिसकी सूचना बैंक द्वारा बैंक रिटर्न मेमो चेक सहित मेरे पक्षकार को दिनॉक- 24/01/2025 को दिया गया, इस प्रकार आपके द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष दिया गया चेक बिना भुगतान के अनादरित हो गया । अतः इस आम सूचना के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि, उक्त चेक की राशि इस आम सूचना के प्रकाशन दिनॉक के 15 दिवस के भीतर मेरे पक्षकार को भुगतान कर देवे अन्यथा मेरा पक्षकार आपके विरूद्ध आवश्यक कानूनी एवं न्यायालयीन कार्यवाही करने बाध्य हो जावेगा जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे के जवाबदार आप स्वयं होंगे।

**नारायण प्रसादे**
अधिवक्ता जिला न्यायालय,
राजनांदगाँव (छ.ग.)
मो.नं.- 97704-22575

## सार समाचार

### बचाव के लिए पदयात्रियों के बैग में लगाया रेडियम

**राजनांदगांव।** चैत्र नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में पदयात्रियों का आगमन हो रहा है, जिन्हें दुर्घटनाओं से बचाने उनके बैग के पीछे रेडियम पट्टी



यातायात पुलिस द्वारा लगाया जा रहा है। 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चैत्र नवरात्रि पर्व मनाया जा रहा है, जिस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां बम्लेश्वरी दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पहुंच रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पदयात्रियों की दुर्घटनाओं से बचाव हेतु पदयात्री मार्ग में ड्यूटी पर तैनात पुलिस द्वारा पदयात्रियों के पीछे बैग में रेडियम लगाया जा रहा है, जो वाहनों की रोशनी पड़ते ही चमकते हैं एवं पदयात्री को आसानी से देखा जा सकता है। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका कम होती है।

### अंजोरा से ठाकुरटोला तक वन-वे

साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग में श्रद्धालु पदयात्रियों के लिए अंजोरा बायपास से ठाकुरटोला टोल प्लाजा तक रायपुर-नागपुर मार्ग एवं ठाकुरटोला टोल प्लाजा से रामदरबार तक नागपुर-रायपुर मार्ग पदयात्रियों के लिए आरक्षित है, जिसे पूरे मार्ग में लगे पुलिस बल द्वारा सुरक्षित एवं सुगमतापूर्वक चलाया जा रहा है। दुपहिया वाहन को छोड़कर शेष सभी वाहनों को डायवर्सन कर वन-वे किया गया है।

### सड़क हादसे में गाय जख्मी, सफल उपचार

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के समीपस्थ गांव ग्राम गठुला में एक गाय का पेट ट्रक की चपेट में आकर फट गया। हादसा इतना भयानक था कि अंदर





का खाना बाहर आ रहा था। जिसका इलाज न होने पर मृत्यु होना निश्चित थी। बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन ने बताया कि संगठन के प्रति तत्परता एवं विस्तार के कारण ही आज इतने बड़े हादसे से गौमाता को बचाया गया और संगठन की देखरेख में रखा जाना प्रशंसनीय है। वे खंड गठुला के बजरंगियों की इस साहसिक कार्यों हेतु सराहना करते है। बजरंग दल के गौरक्षा जिला प्रमुख अंशुल कसार ने बताया कि एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही तत्काल बजरंग दल गठुला के पृथ्वी साहू, नवीन साहू, भीष्म एवं नरेन्द्र साहू आदि गौ सेवकों एवं ग्रामवासियों द्वारा गाय को राजनांदगांव लाने की व्यवस्था की गई और जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव लाया गया एवं सफल उपचार किया गया है। यहां के प्रभारी चिकित्सक डॉ. तरूण रामटेके एवं इंटर्नशिप के स्टूडेंट द्वारा समय रहते गाय के पेट को सूचर कर एंटीबायोटिक और पेन किलर दिया गया। जिससे अब गाय खतरे से बाहर है और नियमित देख-रेख एवं 4-5 दिन एंटीबायोटिक पेन किलर देने से गाय पूरी तरह से ठीक हो जाएगा, इलाज सफल रहा।

### हितग्राही जाएंगे शिरड़ी, शनि सिंघनापुर व त्रयम्बकेश्वर

**राजनांदगांव।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत जिले के 313 हितग्राहियों को 30 अप्रैल से 3 मई तक राजनांदगांव जिले से शिरडी, शनि सिंघनापुर, त्रयम्बकेश्वर की यात्रा कराई जाएगी। योजनांतर्गत यात्रा में शामिल होने के लिए 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक (महिला/पुरूष) एवं विधवा व परित्यक्त महिला हितग्राही आवेदन कर सकते हैं। 80 प्रतिशत हितग्राही बीपीएल अंत्योदय एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के कार्डधारी होंगे तथा 20 प्रतिशत हितग्राही गरीबीरेखा के ऊपर के नागरिक होंगे, जो आयकरदाता ना हो।

इस योजना अंतर्गत 75 प्रतिशत हितग्राही ग्रामीण क्षेत्र के तथा 25 प्रतिशत हितग्राही शहरी क्षेत्र के होंगे। योजना के तहत पात्रता रखने वाले हितग्राही जो इस योजना का लाभ पूर्व में नहीं लिए हैं, वे जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नगर पालिक निगम के आयुक्त तथा नगर पालिका, नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्यालय में यात्रा प्रारंभ के 15 दिवस पूर्व आवेदन जमा कर सकते हैं। इस संबंध में सभी जनपदों एवं नगरीय निकायों को पत्र लेख किया गया है।

### 6 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** रामनवमी के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है। आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाए जाने पर मांस जब्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्रवाई करते 5 हजार रुपए तक जुर्माना करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने-अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

### मैथिल क्षत्रिय समाज को मिला नया अध्यक्ष

**राजनांदगांव।** मैथिल क्षत्रिय समाज के क्षेत्रीय संगठन के चुनाव में राजेश तोमर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। हाल ही में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण सूर्यवंशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसे केंद्रीय समिति ने



स्वीकार कर लिया था। इसके बाद 2 अप्रैल 2025 को एक बैठक बुलाई गई। जिसमें नए अध्यक्ष का चयन किया गया।

इस बैठक में समाज के सदस्यों ने सर्वसम्मति से राजेश तोमर को राजनांदगांव मैथिल क्षत्रीय समाज का अध्यक्ष चुना है। इसके अतिरिक्त यशवंत सेंगर को उपाध्यक्ष, संजय क्षत्रिय को सचिव, शैलेश तोमर को सह-सचिव और राकेश ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया एवं संरक्षक चंद्रकांत कौमार्य को, अन्य पदों के लिए भी समाज के सदस्यों का चयन किया गया है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण 20 अप्रैल को होने वाली केंद्रीय बैठक में होगा। राजेश तोमर ने अध्यक्ष चुने जाने पर समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे समाज को एकजुट और मजबूत बनाने हर संभव प्रयास करेंगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुरेश देवराज ने दी।

## पृष्ठ 11 का शेष

### झपटमारी का...

संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया तथा आरोपी मनीष पटेल के कब्जे से झपटमारी किए एक नग विवो कंपनी का मोबाइल तथा विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा जब्त कर आरोपी एवं विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालक को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा जेल वारंट प्राप्त होने के उपरांत होने आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# प्रदेश निगम मंडल में शहर के नीलू व योगेशदत्त को मिला दायित्व

## दिनभर बधाइयों का लगा रहा तांता, पटाखे फोड़ कार्यकर्ताओं ने किया हर्ष व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार ने बहुप्रतिक्षित निगम मंडलों, बोर्ड और आयोग में अध्यक्ष पद हेतु नियुक्तियां कर दी है। जिसमें जिले से शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता योगेशदत्त मिश्रा, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं युवा नेता नीलू शर्मा को दायित्व सौंपा गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह सहित वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है।

ज्ञात हो कि प्रदेश के निगम मंडल बोर्ड एवं आयोग में अध्यक्ष पदों की नियुक्ति हेतु बेसब्री से भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं को इंतजार बना हुआ था। कल देर शाम उक्त नियुक्तियां कर दी गई है। जिसमें शहर के वरिष्ठ नेता योगेशदत्त मिश्रा को छग श्रम कल्याण मंडल का अध्यक्ष एवं भाजपा के युवा नेता नीलू शर्मा को छग पर्यटन मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

नियुक्तियों की सूची सोशल मीडिया में देर रात जारी होते ही उक्त नेताओं को बधाईयों का तांता लगा रहा। उनके समर्थक एवं कार्यकर्ताओं ने रात में ही मिठाईयां बांटकर लोगों का मुंह मीठा कराया एवं पटाखे फोडकर खुशियां जाहिर की। गुरुवार सुबह से ही उनके निवास में भाजपा नेता सहित जिलेभर के कार्यकर्ता पहुंचकर बधाईयां देते रहे।

### प्रदेश में पर्यटन की अपार संभावना



इधर छग पर्यटन मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पर्यटन के क्षेत्र में प्रदेश में अपार संभावनाए हैं। केन्द्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में पर्यटन को लेकर एक नए विजन के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले में भी पर्यटन क्षेत्र में अपार संभावना है। ऐसे स्थान को चिन्हाकित कर उन्हें पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी तरह प्रदेश के अन्य जिलों पर भी काम करेंगे।

### श्रमिकों का जीवन स्तर बढाने होंगे कार्य



छग श्रम कल्याण मंडल के नवनियुक्त अध्यक्ष योगेश दत मिश्रा ने चर्चा के दौरान कहा कि श्रम कल्याण मंडल इस प्रदेश के संगठित क्षेत्र कारखानों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए, उनके वेलफेयर जीवन स्तर के सुधार के लिए निर्माण हुआ है। वे चाहेंगे कि प्रदेश सरकार की वेलफेयर योजनाओं का प्रचार ज्यादा से ज्यादा हो। श्रमिक विभिन्न योजनाओं से श्रमिक लाभावित हो, श्रमिकों के जीवन स्तर को बढाने एवं समाजिक सुरक्षा के लिए और क्या कर सकते हैं, इसके लिए भी प्रयास किया जाएगा।

## अवैध शराब की बॉटलिंग प्लांट के मामले में बोले रमन सिंह

# होलोग्राम कहां से आया इस पर होगी जांच, संलिप्तों पर कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं राजनांदगांव विधायक डॉ. रमन सिंह ने आज अपने निवास कार्यालय में आम जनता की फरियाद सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण को लेकर निर्देशित किया। वहीं भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाए जाने को लेकर निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नवरात्रि पर्व को लेकर अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि नवरात्र के अवसर पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए वह डोंगरगढ़ जा रहे हैं।

### लंबे समय से शराब तस्करी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने डोंगरगढ़ क्षेत्र के करवारी में अवैध शराब की बॉटलिंग प्लांट के मामले को लेकर कहा है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रूप से शराब की तस्करी चल रही थी। बॉटलिंग प्लांट भी मिला है। इस पूरे मामले में काफी लोगों का सहयोग और समर्थन होगा। उन्होंने कहा कि होलोग्राम कहां से आया, कौन सा सोर्स था, यह कहां से बना, इसके पीछे कौन हैं, इसकी जांच होगी। उन्होंने कहा कि मैंने आईजी और आबकारी आयुक्त से बात किया है। दोनों से सख्ती के साथ कार्रवाई करने कहा गया है। इस मामले में जो भी संलिप्त होगा, सभी पर कार्रवाई होगी।



### सिंचाई के लिए बड़ा प्रोजेक्ट

जल संकट के मामले को लेकर डॉ. रमन सिंह ने स्थानीय अधिकारियों के साथ बैठक की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पेयजल को लेकर आने वाले तीन माह की कार्य योजनाओं को क्रियान्वित करने बैठक की गई है। उन्होंने कहा कि यहां इरिगेशन के लिए बड़े प्रोजेक्ट स्वीकृत हुए हैं। 124 करोड़ से ज्यादा का काम शिवनाथ नदी के लिए है। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट से 8 हजार एकड़ में सिंचाई की क्षमता होगी। इस वर्ष में काम की शुरूआत हो जाएगी।

### मुस्लिम समाज को मिलेगा वक्फ बिल का लाभ

वक्फ बिल के मामले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि लोकसभा में 12 घंटे की बहस के बाद इस बिल को मंजूरी मिली है। इस बिल के नए प्रावधान से मुस्लिम समाज के गरीब महिलाओं का उत्थान होगा। शिक्षा और रोजगार के अवसर खुलेंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड के पास जितनी बड़ी संपत्ति है, उसका उपयोग सही हो

### अधिनियम का उल्लंघन वाहन राजसात

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार फ्लॉवर मिल जवाल 32 वैष्णोदेवी नगर शांति किराना स्टोर्स जवाल वथोड़ा भांडेवाड़ी नागपुर महाराष्ट्र निवासी अमोल कमलाकर अगाले के स्वामित्व के जब्तशुदा वाहन ट्रक वाहन क्रमांक एमएच-40-सीडी-4753 तथा अपार्टमेंट नंबर 202 द्वितीय तल जाईनब रेसिडेंसी-2 प्लॉट नंबर 71 रिंग रोड जाफर नगर कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी सलमान खान के स्वामित्व के मारूति कार वाहन क्रमांक एमएच-31-एफएक्स - 4438 को वाहन चालक द्वारा छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं क्रूरता निवारण अधिनियम का उल्लंघन करने पर शासन के पक्ष में राजसात किया है।

आदेश के विरूद्ध पुनरीक्षण की अवधि 30 दिवस समाप्त हो जाने और सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहनों का नियमानुसार आरटीओ से मूल्यांकन कराकर नीलामी की कार्रवाई करते प्राप्त राशि छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश व निर्देश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

## महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं एवं कोचियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

सहायक आयुक्त आबकारी यदुनंदन राठौर ने बताया कि नियमित गश्त के दौरान सूचना मिलने पर ग्राम जोशीलमती में दूरवास मनी साहू के मकान की तलाशी लेने पर 16 पाव महाराष्ट्र निर्मित देशी मदिरा संत्री कुल 2.880 बल्क लीटर शराब जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक वृत्त चिचोला राजकुमार कुर्रे, हमराह स्टॉफ आबकारी मुख्य आरक्षक निजाम शाह ठाकुर, आबकारी आरक्षक नागेश निषाद, अनिल सिन्हा शामिल थे। इसी तरह अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल, ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। आबकारी विभाग वृत्त डोंगरगढ़ के प्रभारी व उप निरीक्षक अनिल सिंह के नेतृत्व में रामनगर के विभिन्न होटल-ढाबों पर छापेमारी कर सघन जांच की गई। रेलवे स्टेशन रोड स्थित बसेरा होटल, खंडूपारा के राज होटल, शेरे पंजाब होटल, नया बस स्टैंड स्थित खालसा होटल और पुराना बस स्टैंड के मान होटल में दबिश दी गई। जांच के दौरान बसेरा होटल और मान होटल में मदिरापान की पुष्टि होने पर प्रकरण दर्ज किया गया। सहायक आयुक्त आबकारी ने सभी वृत्त प्रभारियों को होटल-ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए है।

## संपत्तिकर भुगतान के लिए एक माह की छूट

- छूट का लाभ लेने करदाताओं से आयुक्त की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति अर्थात 31 मार्च तक करो का भुगतान करने पर किसी प्रकार का अधिभार नहीं लिया जाता है। आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 2 अप्रैल को आदेश जारी कर इस माह की विशेष छूट के तहत 30 अप्रैल तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर अधिभार नहीं लगने छूट प्रदान की गई है।

आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि शासन द्वारा करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते नगरीय निकायों को देय संपत्तिकर की अधिकतम वसूली एवं आम नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा 30 अप्रैल तक संपत्तिकर का भुगतान करने पर विशेष छूट प्रदान करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में लोकसभा निर्वाचन कार्य, निकायों का परिसीमन कार्य, मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा स्थानीय निकायों का निर्वाचन आदि में आचार संहिता भी प्रभावी रही एवं उक्त कार्यों में निकायों के अधिकारी व कर्मचारी भी संलग्न रहे। जिसके परिणामस्वरूप आय संग्रहण की कार्रवाई प्रभावित रही। जिसके आधार पर इस वर्ष संपत्तिकर तथा विवरणी जमा करने अंतिम तिथि 30 दिवस की विशेष छूट प्रदान करते 30 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्व अमला द्वारा घर-घर जाकर भी सम्पत्तिकर की वसूली की जाएगी तथा नगारिकों को ऑनलाइन भुगतान हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। आयुक्त ने सभी करदाताओं से अपने संपत्तिकर का भुगतान कर छूट का लाभ लेते नगर विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## दो दिवसीय वार्षिक महा अधिवेशन 12 से

**राजनांदगांव।** राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ रहटादह (पं.क्र. 1282) का दो दिवसीय 61वां वार्षिक महाधिवेशन आगामी 12 एवं 13 अप्रैल को चौहान इंपीरियल होटल एवं रिसॉर्ट दुर्ग बायपास रोड भिलाई में आयोजित किया गया है। इस अधिवेशन में महासभा के 13 केंद्रीय पदाधिकारियों का चुनाव भी संपन्न होगा। उक्त जानकारी देते उपसमिति राजनांदगांव के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह क्षत्रिय ने बताया कि महाधिवेशन के पहले दिन 12 अप्रैल को सुबह 8 बजे ज्योति कलश का स्वागत किया जाएगा। 8.30 बजे ध्वजारोहण से अधिवेशन का उद्घाटन, 09 बजे केंद्रीय पदाधिकारियों का स्वागत, 9.50 बजे महाराणा प्रताप साहित्य परिषद द्वारा प्रकाशित वार्षिक पत्रिका शौर्य 2025 का विमोचन, 10.30 बजे संयोजक शेरसिंह ठाकुर स्वागत भाषण, 11.45 बजे महासभा के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस का अध्यक्षीय उद्बोधन, पूर्वान्ह 11 बजे सचिव प्रतिवेदन तथा 11.30 बजे केंद्रीय कोषाध्यक्ष का वार्षिक प्रतिवेदन, दोपहर 1 बजे महासचिव विष्णु सिंह बघेल द्वारा महासभा का वार्षिक प्रतिवेदन एवं खुला मंच होगा। शाम 4 बजे महाधिवेशन के अतिथियों का स्वागत एवं आशीर्वचन होगा। शाम 5.30 बजे अधिवेशन स्थल से शोभायात्रा निकलेगी, जो नगर भ्रमण पश्चात अधिवेशन स्थल पर ही समाप्त होगी। रात्रि 9 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। अधिवेशन के दूसरे दिन 13 अप्रैल को सुबह 8 बजे क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच होगा। सुबह 9 बजे महिलाओं एवं युवतियों के लिए रंगोली, मेहंदी, पुष्प सज्जा, आरती की थाल सजाव प्रतियोगिता, पूर्वान्ह 11 से दोपहर 2 बजे के बीच बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं, दोपहर 3 बजे से युवक-युवती परिचय सम्मेलन, शाम 4 बजे कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम, 5 बजे पुरस्कार वितरण और 6 बजे ध्वज अवरोहण होगा। 13 अप्रैल को ही सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक 13 केंद्रीय पदाधिकारियों के लिए मतदान कराया जाएगा।

रात्रि 8 बजे मतदान के परिणामों की घोषणा की जाएगी। तत्पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। रात 9 बजे आभार प्रदर्शन के साथ अधिवेशन के समापन की घोषणा की जाएगी।

### चंचल दिल्ली के स्टार्टअप महाकुंभ में होगी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा 4 एवं 5 अप्रैल को भारत मंडपम नई दिल्ली में स्टार्टअप महाकुंभ 2025 का आयोजन किया जा रहा है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में शामिल होने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव की कक्षा 11वीं की छात्रा चंचल सहारे का चयन हुआ है। साथ ही छत्तीसगढ़ के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कुल 30 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 के आयोजन का मुख्य उद्देश्य उभरते एवं स्थापित जनजातीय उद्यमियों को अपने नवाचार और उद्यमशीलता का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना है। स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में शामिल होने के लिए चयनित होने पर छात्रा चंचल सहारे को प्राचार्य, शिक्षकों एवं शाला परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### सोनवानी को संघ ने दी विदाई

**राजनांदगांव।** नगर निगम में कार्यरत नियमित सफाई कर्मचारी किशोर सोनवानी के सेवानिवृत्त होने पर सफाई



कर्मचारी संघ ने शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। सोनवानी लंबे समय तक नगर निगम में सफाई कर्मचारी के रूप अपनी सेवाएं दी। विदाई समारोह में नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक सहित पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत अभिनंदन कर सम्मानित किया। इस मौके पर सफाई कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष श्री नायक और सदस्य व परिवार के लोग उपस्थित थे।

सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक ने कहा कि श्री सोनवानी ने लोगों की सेवा करते अपने साथ काम करने वाले कर्मियों की हर परेशानी सुख और दुख में बराबर का सहयोग किया है। इस दौरान कर्मचारियों द्वारा एक स्वर में अपने सेवाकाल में सोनवानी द्वारा किए गए कार्य के बारे में चर्चा की गई।

## पुलिस की ढाबा में दबिश, शराब मामले में आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दो ढाबा संचालक एवं एक अन्य पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस चौकी तुमडीबोड स्टाप द्वारा 2 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन की मुखबीर सूचना पर ढ़ाबों की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान ग्राम तुमडीबोड स्थित यारा द ढाबा के संचालक अजय तेजवानी एवं ग्राम मलईडबरी स्थित शेरे पंजाब ढाबा के संचालक हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी एवं साथी मोहम्मद शाहिद द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर मौके पर ही कार्रवाई करते 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल निरूद्ध किया गया।

### शराब-बीयर बरामद

यारा द ढाबा ग्राम तुमडीबोड़ के संचालक अजय तेजवानी के कब्जे से अवैध रूप से शराब बिक्री करते 1 बोरी में 61 पौवा गोवा स्पेशल व्हीस्की, 1 बोरी में 4 पौवा एसी नीट व्हीस्की, 1 बोरी में 5 पौवा देशी प्लेन शराब तथा 1 बोरी में 8 बोतल शिम्बा बीयर कीमती 10120 रुपए जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।

### प्लास्टिक कैरेट में रखा था शराब

शेरे पंजाब ढाबा ग्राम मलईडबरी मोहम्मद शाहिद के कब्जे से एक लाल रंग के कोको कोला लिखे प्लास्टिक के कैरेट में रखे 13 पौवा देशी प्लेन शराब शोले एवं 31 नग गोवा स्पेशल व्हीस्की कीमती 5200 रुपए को जब्त किया गया तथा ढाबा संचालक हरप्रीत सिंग उर्फ हैप्पी द्वारा शराब लाकर अवैध रूप से मोहम्मद शाहिद से बिक्री कराना पाए जाने पर ढाबा संचालक हरप्रीत सिंग उर्फ हैप्पी एवं उसके साथी मोहम्मद शाहिद के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया।



### 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य का मान बढ़ाया

# मिस्र देश में गूंजी छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक ध्वनि, पंथी नृत्य दल ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मिस्र की ऐतिहासिक भूमि पर जब छत्तीसगढ़ के लोकनृत्यों की अनुगूंज बिखरी, तो पूरा माहौल मंत्रमुग्ध हो उठा। छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार ने इस बार 12वें अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व कर राज्य का मान बढ़ाया। मिस्र देश की ऐतिहासिक धरती पर जहां कभी प्राचीन सभ्यताओं का विकास हुआ, वहीं आज छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य, कर्मा नृत्य और बस्तर के आदिवासी नृत्य की जीवंत प्रस्तुतियों ने वहां उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

मिस्र में छत्तीसगढ़ के बेमेतरा, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, मुंगेली, राजनांदगांव जिले के युवा शामिल हुए। युवाओं ने छत्तीसगढ़ के लोक पारम्परिक पंथी, कर्मा व बस्तर के आदिवासी नृत्य शामिल है। कबीरधाम जिले के कवर्धा में कृषि विभाग में पदस्थ पुनदास जोशी की अगुवाही में पंथी नृत्य का शानदार मनमोहक प्रस्तुतियां हुई। इस महोत्सव के दौरान छत्तीसगढ़ के पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृषि विभाग ने मिस्र के राज्यपाल को संत गुरु घासीदास बाबा की स्मृति चिन्ह भेंटकर छत्तीसगढ़ के महान संत के संदेश मनखे-मनखे एक समान का प्रचार-प्रसार किया। यह अवसर केवल नृत्य प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह भारत और मिस्र के बीच सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का भी एक महत्वपूर्ण अवसर बना। कार्यक्रम के दौरान मिस्र के राज्यपाल ने भी छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक दूत मंडल को सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। लोकनृत्यों मंस भारत का प्रतिनिधित्व कर बेहतर प्रदर्शन कर कबीरधाम वापस लौटने के बाद जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचरियो ने कबीरधाम जिले में पदस्थ पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृषि विभाग के उज्वल भविष्य के लिए बधाई तथा शुभकामनाएं दी। इस सांस्कृतिक यात्रा का सबसे गौरवशाली क्षण वह था जब विश्व की सबसे बड़ी और सुंदर नील नदी में भारत का तिरंगा झंडा फहराया गया। यह ऐतिहासिक क्षण केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के लिए गर्व का विषय था। इस यात्रा में एक और उपलब्धि जुड़ी जब पंथी दल ने दुनिया के पहले अजूबे गीजा के ग्रेट पिरामिड के सामने छत्तीसगढ़ के पंथी नृत्य की प्रस्तुत देकर इतिहास रच दिया।

हजारों वर्षों से खड़े इन महान पिरामिडों की पृष्ठभूमि में जब छत्तीसगढ़ का परंपरागत पंथी नृत्य प्रस्तुत हुआ, तो मानो यह संस्कृति का एक अद्भुत संगम बन गया। छत्तीसगढ़ के इस सांस्कृतिक प्रतिनिधि मंडल में पुनदास जोशी, श्वेता मनहर, रामाधार बंजारे डॉ हरेंद्र, मनोज कुमार, डॉ अल्का मिंज, मुस्कान देशलहरे, आकांक्षा वर्मा एवं आकांक्षा केशवानी शामिल थे। इस उपलब्धि पर कृषि विभाग कबीरधाम के उप संचालक कृषि अमित कुमार मोहंती, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लोहारा और कृषि विभाग के अन्य अधिकारियों ने पुनदास जोशी को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक जीत के रूप में देखी जा रही है, जिसने राज्य की कला और परंपरा को वैश्विक पहचान दिलाई है।

#### पंथी नृत्य दल को सात देशों से आमंत्रण




छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को विश्व मंच पर प्रतिष्ठा दिलाने वाले छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार का प्रतिनिधत्व कर रहे छत्तीसगढ़ के पुनदास जोशी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कृषि विभाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ का पीडी पंथी परिवार राज्य की सांस्कृतिक धरोहर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित कर रहा है। अब तक इस दल को इटली, चीनए, थाईलैंड, किर्गिस्तान व बैंकॉक तथा मिश्र देश सहित सात देशों से आमंत्रण मिल चुका है। तीन बार राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीतने वाले पंथी दल ने 2023 के गणतंत्र दिवस परेड में भी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार मिस्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव में भाग लेकर भारत का परचम ऊंचा किया।

# उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से जिले में गौअभ्यारण्य का हो रहा तेजी से निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले में गौ-माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए गौ-अभ्यारण्य का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यह अभ्यारण्य जिले के बोड़ला विकासखंड ग्राम जैतपुरी और सरेखा में चिन्हांकित भूमि पर बनाया जा रहा है, जहां गौ-माता के लिए सुरक्षित आवास और देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। गौ-माता के संरक्षण की दिशा में इस कदम को एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



इस अभ्यारण्य का उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा और संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय पर्यावरण को भी लाभ पहुंचाना है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार विगत दिवस कलेक्टर गोपाल वर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश दिए थे। अधिकारियों द्वारा निर्देशों का पालने करते हुए तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए थे कि भूमि के चिन्हांकन और अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ फेसिंग, शेड, जल आपूर्ति की व्यवस्था और अन्य निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इन कार्यों के पूरा होने के बाद गौ-अभ्यारण्य का संचालन सुचारू रूप से किया जाएगा, ताकि गौवंश के संरक्षण की दिशा में अधिक प्रभावी कदम उठाए जा सकें। जिला प्रशासन द्वारा इस परियोजना को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि जल्द से जल्द गौ-माता को प्राकृतिक और सुरक्षित आवास मिल सके। इससे ना केवल गौवंश का संरक्षण होगा, बल्कि आसपास के क्षेत्र मं् कृषि और पर्यावरणीय संतुलन भी बेहतर होगा। कबीरधाम जिले के स्थानीय निवासियों ने इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्थानीय गौ-पालकों और किसानों को भी बहुत फायदा होगा, क्योंकि गौवंश के लिए सुरक्षित स्थान मिलने से उनका पालन-पोषण बेहतर तरीके से हो सकेगा। इसके साथ ही यह अभ्यारण्य अन्य जिलों के लिए एक आदर्श बन सकता है, जो गौवंश संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं। गौवंश संरक्षण के लिए यह कदम जिले में एक नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है जो राज्य और देशभर में गौ-माता के संरक्षण को बढ़ावा देगा।

## दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का ग्राम दुल्लापुर-रवेली में ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



हरिभूमि कोलेगांव। विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर-रबेली में ग्रामवासियों द्वारा दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज का ग्राम दुल्लापुर-रबेली आगमन पर ग्रामीणों द्वारा हरि-कीर्तन व फूल-माला से भव्य स्वागत किया गया। दण्डी स्वामी सर्वप्रथम मां शीतला माता मंदिर मे ज्योत-ज्वारा दर्शन कर उन्होने मां भगवती शक्ति उपासना के वर्णन करते हुए कहा कि शक्ति है तो ही सृष्टि है, मां शाकम्भरी फल-फूल, शाक अन्न द्वारा सारे विश्व का पालन-पोषण करती है साथ ही नवरात्र की महिमा बताए। दण्डी स्वामी ने अपने दिव्य वाणी से समस्त दुल्लापुर-रबेली एवं आसपास के क्षेत्रवासियों को आशीर्वाद दिए, उक्त जानकारी आचार्य प्रशांत शर्मा ने दी।

## खबर संक्षेप



### मां महामाया, मां शीतला मंदिर में प्रज्जवलित जोत-कलश की दर्शन व पूजा

**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम कोलेगांव स्थित मां महामाया मंदिर तथा मां शीतला मंदिर में प्रज्जवलित मनोकामना जोत-ज्वारा-ज्योति कलश की विधि विधान से पूजा अर्चना व दर्शन कर जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी ने क्षेत्र की सुख, समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगी, साथ ही साथ कोलेगांव में महासिंह चौहान के निजी-निवास मे प्रज्जवलित जोत-ज्वारा की दर्शन किया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्र किशोर सानू तिवारी, दिनेश पांडेय, नकुल सिंह चौहान, मणि निषाद, कोमल साहू, आकाश यादव, हीराराम साहू व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### जनपद पंचायत कवर्धा में स्थायी समिति के सभापति व सदस्यों का निर्वाचन संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** जनपद पंचायत कवर्धा में स्थायी समिति के सदस्यों एवं सभापतियों का निर्वाचन सफसलता पूर्वण संपन्न हुआ। जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी और पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा की अध्यक्षता में जनपद पंचायत सभाकक्ष मे आयोजित की गई। इस दौरान विभिन्न स्थायी समितियों के सभापति एवं सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें गणेश तिवारी को शिक्षा स्थायी समिति का सभापति चुना गया, वहीं रूपेश चंद्रवंशी को कृषि स्थायी समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही श्रीमती रोशनी भरत साहू को संकर्म स्थायी समिति, रूपेन्द्र सिन्हा को सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति, श्रीमती स्वीटी पंवन बंजोर को महिला एवं बाल कल्याण स्थायी समिति, श्रीमती इंदु बाई पटेल को वन स्थायी समिति और श्रीमती अंजनी सुशील चंद्रवंशी को लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण स्थायी समिति का सभापति नियुक्त किया गया। जिस पर जनपद पंचायत कवर्धा में स्थायी समिति के सभापति व सदस्यों का निर्वाचन संपन्न होने पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# पंचमी पर मां शीतला मंदिर में किया विशेष श्रृंगार व पूज-अर्चना, उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ पोंड़ी

शहर व क्षेत्र में ग्रामीण जन शक्ति के भक्ति में डूबे हुए है। वहीं चैत्र नवरात्रि के पंचमी पर पोंडी के हृदय स्थल में विराजित नगर की इष्ट देवी मां शीतला माता मंदिर में माता रानी की विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना की गई। साथ हीसाथ पंचमी पर सुबह से देर शाम तक मां शीतला मंदिर में श्रद्धालुओ व ग्रामीणों द्वारा दर्शन करने व पूजा अर्चना के लिए भारी भीड़ उमड़ी। मिली जानकारी के अनुसार चैत्र नवरात्रि में मां शीतला मंदिर में 167 मनोकामना जोत ज्वारा ज्योति कलश स्थापित की गई है। जिसमे प्रमुख रूप से दो ज्योति कलश घी के प्रज्जवलित की गई है। मंदिर समिति अध्यक्ष जयराम साहू ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर दूर-दराज से क्षेत्र के ग्रामीण व श्रद्धालुओ द्वारा ज्योति कलश स्थापित करवाया है। जिसमें मुख्य पुजारी सोनू तिवारी, पण्डा कन्हैया साहू, सुशील यादव, दुर्गेश यादव, मंदिर समिति उपाध्यक्ष दिलीप श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दीपेश साहू, सचिव अमन ठाकुर, सह सचिव कीर्तिभूषण निषाद सहित समस्त ग्रामवासी दिन-रात माता रानी की सेवा में जुटे हुए है।

#### मंदिर की मिट्टी से कई रोगों से मिलती है मुक्ति

प्राप्त जानकारी के अनुसार पोंडी के हृदय स्थल विराजित मां आदि शक्ति सिद्ध पीठ मां शीतला मंदिर का आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। यहां के लोगों का सिद्ध पीठ मां शीतला पर अटूट विश्वास व श्रद्धा भक्तिमय का माहौल बना हुआ हैं। मान्यता है कि कई प्रकार के रोगों पर यहां की मिट्टी से रोग का उपचार हो जाता है। यहां चैत्र नवरात्रि में दूर-दूर से लोगों द्वारा मनोवांछित फल प्राप्ति के लिए ज्योति ज्वारा प्रज्जवलित कराए जाते है।

## हरिनछपरा के मां भवानी मंदिर में 120 ज्योति कलश प्रज्जवलित




■ ग्रामीणों व श्रद्धालुओं की उमड़ रही भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा स्थित मां भवानी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मां भवानी मंदिर में 120 मनोकामना जोत-ज्वारा ज्योति कलश प्रज्वलित की गई। मंदिर पुजारी ने बताया कि जोत ज्वारा की दर्शन के लिए सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार तथा श्रद्धालुओं की मान्याता है की मां भवानी की पूजा अर्चना करने से मानव शरीर में कोई प्रकार की रोग और संकट बाधाओं से बचाती है और माता रानी भक्तों की मनोकामना व सिद्धि भी पूरी करती है। वहीं मंदिर समिति व पं बाबूराम साहू, प्रेमकुमार गुप्ता, टेकराम यादव, जलेश बघेल द्वारा मां भवानी माता की सेवा साथ ही साथ रात्रि में जस सेवा गायन कर किया जाता है।

## बूंदाबांदी के चलते टमाटर खराब होने की संभावना, किसानों की बढ़ी चिंता



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर व क्षेत्र में पिछले दो-तीन दिनों से आसमान पर काली बादल छाए होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इस समय किसानों की सूखी गेहूं की फसल खेतों में खड़ी हुई है साथ ही साथ साग-सब्जी की फसल प्रभावित हुई है वहीं गुरूवार को शहर व क्षेत्र में हुई बूंदाबांदी से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। मौसम का उतार-चढ़ाव व बूंदाबांदी के साथ बारिश होने से किसानों के खेतों में टमाटर के पौधे में फल-फूल लगकर तैयार हो रहे हैं, वहीं बूंदाबांदी होने से टमाटर के फलों पर गहरा प्रभाव तथा खराब होने की आशंका बनी हुई है जिनके कारण किसानों की चिंता और बढ़ गई है साथ ही साथ भारी हानि होने की संभावना बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रो में गर्मी के दिनों में टमाटर की खेती-किसानी कार्य में जुटे हुए है वहीं किसानों के खेतों में वर्तमान में परिपक्व होकर तैयार हो चुके लाल टमाटर फूल व फलों पर बुंदाबांदी होने से भारी नुकसान व क्षतिग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है।

# पंच कुण्डीय विश्व शांति अश्वमेध महायज्ञ में शामिल हुए रामकुमार भट्ट

■ ग्राम खम्हिरिया व आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



विश्व शांति के लिए जिले के विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया में 30 मार्च से 9 अप्रैल तक आयोजित पंच कुण्डीय विश्व शांति श्री अश्वमेध महायज्ञ व संगीतमय श्रीराम कथा के आयोजन से ग्राम पंचायत खम्हरिया सहित आसपास के क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। वहीं कथा श्रवण पान करने महायज्ञ स्थल में ग्रामीणों व भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

वहीं कार्यक्रम के चतुर्थ दिवस पर जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट पंच कुण्डीय श्री अश्वमेध महायज्ञ व संगीतमय श्रीराम कथा में शामिल हुए साथ में भाजपा जिला मंत्री सुरेश दुबे, ग्राम सरपंच नरेंद्र निर्मलकर, भाजपा इकाई अध्यक्ष राधेलाल निर्मलकर, भाजपा युवा मोर्चा महामंत्री पुरषोत्तम निर्मलकर पंच कुण्डीय यज्ञ पंडाल में परिक्रमा कर व विधि विधान से पूजा अर्चनाकर क्षेत्र के सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए कामना की। उन्होने कहा कि कार्यक्रम के आयोजन के लए सनातन धर्म, संस्कृति और सभ्यता का सुंदर एवं मनोरम दृश्य देखने को मिलता है। जो आने वाले पीढ़ी को यह संदेश और याद दिलाता है हमारा सनातन धर्म और संस्कृति जो हमारे धरोहर है, इसे बचाकर रखना हम सबकी परम कर्तव्य है।

साथ ही साथ प्रतिदिन विद्वानों द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा सुनने का सौभाग्य ग्रामीणों व भक्तजनों को मिल रही है। इस विश्व शांति पंच कुण्डीय अश्वमेध महायज्ञ में सफेद घोड़ा छोड़ा जाएगा, अभी घोड़े को चारों दिशाओं का भ्रमण कार्यकर्ताओं द्वारा प्रतिदिन कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में धर्म का वातावरण निर्मित है। वहीं श्रीराम कथा में मुख्ययजमान राजकुमार चंद्राकर विराजमान है तथा समस्त ग्रामवासी-क्षेत्रवासी के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित की गई जिसमें अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण जन पहुंचकर श्रीराम कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

## हरिनछपरा के खराब हैंडपंप को पीएचई विभाग ने सुधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विकासखंड बोड़ल के ग्राम हरिनछपरा में मां भवानी मंदिर के पास स्थित हैडपंप एक सप्ताह से बंद व खराब की शिकवा शिकायत विभागीय आधिकारियों को दी गई। वहीं हैंडपंप खराब होने से कई दिनों से ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा कई बार जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारों को समस्या से अवगत कराया। कि गर्मी शुरू होने के साथ ही क्षेत्र में पेयजल की समस्या से ग्रामीणों व रहवासियों को जुझना पड़ रहा है। जिस पर पीएचई विभाग की टीम द्वारा समस्या को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह से बंद व खराब पड़े हैंडपंप का सुधार करने के साथ ही जलस्त्रोत और हैंडपंपों का मरम्मती करण किया गया। जिसमें हैडपंप सुधारक अगरमन डहरिया, महेंद्र डहरिया, भोजेंद्र रात्रे द्वारा सुधार किया गया, जिस पर ग्रामीणजन बाबूराम साहू, प्रेमकुमार गुप्ता, टेकराम यादव सहयोग से सुधार और मरम्मत किया गया वहीं मरम्मत व सुधार कार्य होने से ग्रामीणों व रहवासियों को शुद्ध पेयजल का लाभ मिलेगा। जिस पर ग्रामीणो ने विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## हार्वेस्टर व थ्रेसर मशीनों से गेंहू और चना की कटाई-मिजाई जोरों पर




**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्र में रबि फसल गेंहू व चना की कटाई-मिजाई कार्य में ग्रामीण रहवासी जुटे हुए है। किसानों के खेतों में परिपक्व होकर चना व गेंहू फसल तैयार हो चुकी है, वहीं ग्रामीण किसान सुबह से शाम तक खेती-किसानी में लगे हुए है। जिसमें ग्राम जेवडन खुर्द, नाऊडीह, दौजरी व बरबसपुर सहित क्षेत्र के ग्रामीण किसान आधुनिक मशीन हार्वेस्टर और थ्रेसर मशीनों से रबि फसल चना व गेंहू की कटाई-मिजाई करने में जुटे हुए जिससे किसानों को समय और पैसे दोनो की बचत हो रही है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 जून तक

**कवर्धा।** सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि बिलासपुर ने द्विवर्षीय बीएड व डीएलएड दूरवर्ती पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी कर दिया है। इन दोनों पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 12 जून व परीक्षा की संभावित तारीख 29 जून है। आवेदन संबंधित अधिक जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

### समाज गौरव सम्मान से सम्मानित हुई वेदकुमारी

**खैरागढ़।** छात्रो व शिक्षकों के सर्वांगीण विकास और समाज सेवा के लिए संकल्पित संस्था शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी द्वारा ब्लाक के पिपलाकछार स्थिति अंवति विद्याा मंदिर की शिक्षिका वेदकुमारी साहू को विधायक पुरंदर मिश्रा, डीईओ विजय खंडेलवाल, छालीवुड अभिनेत्री जागेश्वरी मढ़रिया मेश्राम, उड़ान नई दिशा के संस्थापक निधी चंद्राकर, परसराम साहू, संस्था संस्थपक संजय कुमार मैथिल द्वारा समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र मे नित नवीन नवाचार सहित अंचल की मशहूर मंच संचालिका वेदकुमारी साहू की बेहतर कार्यशैली से बच्चों के साथ साथ गांव का भी नाम रोशन हुआ है। शाला स्टाफ सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

**आंदोलन:** शासकीयकरण की मांग को लेकर पंचायत सचिवों की हड़ताल 18 वें दिन भी जारी

# सरकार एवं पंचायत सचिवों की लड़ाई में पिस रहे हैं ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते करीब 18 दिनो से अपनी एक सूत्रीय शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में बैठे पंचायत सचिवों और शासन के बीच की लड़ाई में ग्रामीण बेवजह पिस रहे हैं।

यहां बताना लाजिमी होगा कि किसी भी ग्राम पंचायत में संचालित ग्राम पंचायत का कार्यालय ग्रामीणों के लिए कलेक्टर कार्यालय से कम नहीं होता और यहां पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव शासन-प्रशासन तथा ग्रामीणों के बीच की अहम कड़ी होता है। लेकिन बीते करीब 18 दिनो ग्राम पंचायतें पंचायत सचिव विहीन है। जिसके चलते ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों के कई कामकाज और शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित हो रही है। पंचायत सचिवों की बेमुद्दत हड़ताल के चलते मुख्य रूप से पीएम आवास से लेकर मनरेगा, पेंशन वितरण सहित पंचायतों से जुडे कई मूलभूत कार्य प्रभावित हो रहे है। जिला मुख्यालय कवर्धा में बैठे पंचायत सचिवों ने बताया कि पंचायत संचनालय के आदेश की कापी जलाने के बाद से पंचायत सचिव इस बार आरपार की लडाई के मूड में हैं। विधानसभा चुनाव 2023-24 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा जनघोषणा पत्र में किया गया है। सरकार बनने के 100 दिन के अंदर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण किए जाने का भरोसा दिया गया था। परंतु सरकार बनने के 400 से अधिक दिन होने के बाद भी अभी तक मोदी की इस गारंटी को पूरा करने किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं की गई है।



### आरोपः समिति बनाकर पंचायत सचिवों को किया जा रहा सिर्फ गुमराह

बीते 18 दिनो से अपनी मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिवों ने आरोप लगाया है कि शासन सिर्फ और सिर्फ समिति बनाकर सचिवों को गुमराह किया जा रहा है। पंचायत सचिवों ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से सरकार द्वारा गठित समिति को वे देखते आ रहे है परंतु इस बार पंचायत सचिव सरकार के समिति गठन के झांसे में नहीं आने वाले है। उन्होने स्पष्ट किया गया इस बार पंचायत सचिव शासकीयकरण की अपनी मांग पूरी होने के बाद अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त करेंगे।

# 30 सालों से शासकीयकरण की जंग लड़ते हुए पंचायत सचिव को मिली सेवानिवृत्ति


### हड़ताल के पंडाल से दी गई विदाई



**कवर्धा।** बीते 30 सालों से शासकीयकरण की जंग लड़ते आ रहे जनपद पंचायत स/लोहारा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ के पंचायत सचिव नरेश दुबे ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनकी सेवानिवृत्ति इसी 30 साल पुरानी शासकीयकरण की लड़ाई लड़ते हुए हड़ताल के दौरान हो जाएगी। लेकिन शायद श्री दुबे की किस्मत में यही था। गत 17 मार्च से प्रांतीय आव्हान पर शासकीयकरण की मांग को लेकर जारी पंचायत सचिवों की हड़ताल के बीच 31 मार्च को जनपद पंचायत स. लोहारा जिला कबीरधाम के पंचायत सचिव नरेश दुबे सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृत्ति के बाद पंचायत सचिव संघ ने उन्हें विदाई भी हड़ताल के पंड़ाल से ही दी। निश्चित रूप से श्री दुबे और दूसरे पंचायत सचिवों के लिए यह एक भावुक पल था। जिसे हड़ताल के पंडाल में आयोजित श्री दुबे के विदाई समारोह में कुछ पंचायत सचिवों ने अपने शब्दों में बयां किया। पंचायत सचिवों ने कहा कि हम पिछले 30 सालों से शासन-प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं। शासन की तमाम योजनाओं को लोगों तक पहुंचा रहे हैं। लेकिन लगातार की मांग के बाद भी आज तलक हमारा शासकीयकरण नहीं किया गया है। इस बीच जाने कितने पंचायत सचिव सेवानिवृत्त हो चुके हैं। आज एक और पंचायत सचिव को सेवानिवृत्त कर दिया गया। जिन्हें भविष्य में न तो पेंशन की पात्रता होगी और न ही दूसरी शासकीय सुविधाएं व लाभ मिलेंगे। यहां तक की सेवानिवृत्त पंचायत सचिव को पंचायत से आम नागरिको को मिलने वाली पेंशन की भी पात्रता नहीं है। जबकि इसके विपरीत अगर कोई व्यक्ति भले ही एक दिन के लिए भी सांसद या विधायक बन जाए तो उसे अजीवन पेंशन के साथ तमाम शासकीय सुविधाओं की पात्रता मिल जाती है। लेकिन 30 वर्षो तक सेवाएं देने वाले पंचायत सचिवों को सेवानिवृत्ति के बाद कोई सुविधा नहीं दी जा रही है, जो अन्याय है।

# मौसम का बदला मिजाज आसमान में छाई बदली

## कवर्धा सहित कई ईलाकों में हल्की-तेज बूंदाबांदी



- चक्रवातीय दबाव के चलते मौसम का बदला मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

चक्रवातीय दबाव के चलते छत्तीसगढ़ सहित कबीरधाम जिले का मौसम एक बार फिर बदल गया है। कवर्धा की बात की जाए तो बीते दो-तीन दिनो से भगवान भास्कर आसमान में बादलों के साथ लुका छिपी का खेल खेल रहे हैं। जिसके चलते बीते करीब दो तीन दिनो से आसमान में बदली छाई हुई है।

मौसम में आए इस बदलाव से जहां लोगों को चिलचिलाती धूप और गर्मी से राहत मिली है वहीं मौसम के इस मिजाज ने किसानो तथा वनवासियों की चिंता बढ़ा दी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि बीते मार्च के अंतिम हप्ते में भी जिले के कई ईलाकों में बदले मौसम के बीच बेमौसम बारिश और ओला वृष्टि की खबरे सामने आई थी। वैसा ही कुछ अब अप्रैल माह के पहले हप्ते में देखने को मिल रहा है। कवर्धा की बात की जाए तो यहां बीते दो दिनो से लगातार सुबह से ही आसमान में बदली छाई रहती है। गुरूवार को भी सुबह से मौसम का कुछ ऐसा ही मिजा था।

इस बीच तेज हवा भी चलती रही वहीं शाम होते होते हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली जिससे मौसम खुशनुमा हो गया। मौसम वैज्ञानकों के अनुसार, दक्षिणी छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र तक बने चक्रवातीय दबाव के कारण यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इस प्रभाव से प्रदेश में अगले 3-4 दिनों तक मौसम ठंडा होगा और प्रदेश में एक-दो स्थानों पर ओलावृष्टि और तेज हवा चलने की संभावना जताई गई है। मौसम में बदलाव के चलते आगामी 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट की भी संभावना है, जिसके बाद तापमान में दोबारा बढ़ोतरी हो सकती है।

### लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर

मौसम में लगातार हो रहे इस बदलाव और उथलपुथल का लोगों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। विशेषकर बच्चों तथा बुजुर्गो में सदी, जुखाम, बुखार आदि की शिकायत बढ़ रही है। माना जा रहा है कि इस बदलते मौसम के चलते लोगों का शरीर अपने आपको मौसम के हिसाब से ढाल नहीं पा रहा है और उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### किसानो और वनवासियों में चिंता

मौसम के इस मिजाज को देखते हुए अंचल के किसानो और वनवासियों के माथों में चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है। किसानो की माने तो इस समय उनके खेतों में रबि फसल पककर लगभग तैयार हो चुकी हैं। चना, गेंहू, मटर आदि आदि की कटाई भी प्रारंभ हो चुकी हैं। ऐसे में अगर मौसम गड़बड़ाता है और बेमौसम बारिश तथा ओला वृष्टि होती है तो निश्चित ही उनकी पकी पकाई फसलों को काफी नुकसान हो सकता है। यही चिंता वनवासियों को भी है। वनवासी भी महुआ, आम, ईमली, तेंदूपत्ता, चार, हर्रा, बहेरा जैसी वनोपज के बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि में प्रभावित होने की आशंका से चिंतित नजर आ रहे हैं।

# कार की टक्कर से मोटर सायकिल सवार ग्रामीण की मौत

- आरोपी कार चालक घटना के बाद सोल्ड कार मौके पर छोड़कर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के पोंड़ी पुलिस चौकी अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 में बीते बुधवार को रायपुर-जबलपुर मार्ग में एक नवसिख्यिा कार चालक ने अपन सोल्ड कार से मोटर सायकल सवारों को ठोकर मार दी। इस दुर्घटना में जहां एक मोटर सायकल सवार की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके पर ही अपनी कार छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव बरामद कर लिया है वहीं आरोपी की कार को जप्त कर अब उसकी तलाश की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम एक अज्ञात कार चालक अपनी सोल्ड कार लेकर भोरमदेव शक्कर कारखाना के सामने गुजरने वाले नेशनल हाईवे में कार चला रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान नव सिखिया कार चालक ने लापरवाही पूर्वक कार चलाते हुए सड़क पार कर मोटर सायकल सवार दो ग्रामीणों को अपनी चपेट में लेते हुए जोरदार ठोकर मार दी। जिससे मोटर सायकल सवार ओंकार नामक 45 वर्षीय ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घटना की जानकारी पोंड़ी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर घायल ग्रामीण को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। वहीं आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।



# भारतीय किसान संघ ने भोरमदेव कारखाना के एमडी शर्मा से की मुलाकात

- कई विषयों पर की चर्चा, एमडी ने समस्याओं का किया सामाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय किसान के एक प्रतिनिधि मण्डल ने गुरूवार को भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना के एमडी जीएस शर्मा से मुलाकात की और कई विषयों में चर्चा की और किसानो से संबंधित अपनी मांगों को उनके समक्ष रखी।

जिस पर एमडी श्री शर्मा ने संघ की सभी बातों को सुनकर उनके समाधान का पूरा आश्वासन दिया है। इस मुलाकात के दौरान भारतीय किसान के प्रतिनिधि मण्डल ने एमडी श्री शर्मा से कारखाना के पंजीकृत गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना एफआरपी का बकाया लगभग 33 करोड़ का भुगतान जल्द से जल्द कराए जाने की मांग की। जिस पर एमडी शर्मा ने प्रतिनिधि मण्डल को बताया कि 7 दिवस के भीतर 12.5 करोड़ रूपए की राशि किसानों के खाते में अंतरित कर दिया जाएगा।

इसी प्रकार संघ ने कारखाने के द्वारा शेयर प्रमाण पत्र 30 अप्रैल तक किसानों को प्रदान किए जाने, जल्द ही कारखाना का मैनेंटेंस कार्य प्रारंभ किए जाने, अगले वर्ष किसानों के द्वारा कारखाने को गन्ना की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में हो इसके लिए रिकवरी आधारित पेमेंट करने, किसानो को आने वाले पैराई सत्र में गन्ना किसानो को निजी गुड़ फैक्ट्रियों से अधिक गन्ना की कीमत देने, किसानों के साथ गन्ना आपूर्ति के लिए एग्रीमेंट तथा हर 15 दिन में गन्ने का भुगतान जैसे कई विषयों पर चर्चा की। संघ ने बताया कि किसानों इस बार जो दो गन्ना बीज यूपी के एक किसान के फॉर्म हाउस से लाकर दिया गया है उसमें से एक बीज को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा अप्रमाणित तथा बोवाई के लिए अनुपयुक्त घोषित किया गया है। इस स्थिति में भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने भविष्य में सिर्फ प्रमाणित जगह से अनुशंसित गन्ना बीज को जिले के किसानों को दिए जाने की मांग की है।

संघ ने यह भी मांग की है कि जिले के जलवायु तथा मिट्टी के अनुकूल अधिक उत्पादन देने वाले वैरायटी को विकसित करने के लिए केन्द्रीय गन्ना ब्रीडर सेंटर कोयंबतूर के साथ एक अनुबंध किया जाए। एमडी ने बताया कि इस संबंध में चर्चा के लिए जिले के दोनों गन्ना कारखाने के एमडी अगले हफ्ते कोयंबतूर जाएंगे।

### अभ्युदय स्कूल में विद्यार्थियों का नवीन शैक्षणिक सत्र में तिलक लगाकर स्वागत



**कवर्धा।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय विद्यालय में गत दिनो नवीन शैक्षणिक सत्र का श्री गणेश किया गया। इस अवसर पर संस्था के समस्त विद्यार्थियों का तिलक एवं रक्षासूत्र बांधकर स्वागत किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अलग-अलग पालियों में अपने विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया। जिसमें मां गायत्री के मंत्रोच्चारण के साथ सभा शुरू की गई। छात्र-छात्राओं को विद्यालयीन प्रतिज्ञा दिलाई गई साथ ही उन्हें सुविचार के सारगर्भित ज्ञान से परिचित कराया गया। तत्पश्चात शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बहुत ही मधुर स्वागत गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। तद्रुपरांत संस्था के उपप्राचार्य श्री खान ने शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा शिक्षक/शिक्षिकाओं की जानकारी दी एवं नवपदस्थ शिक्षक/शिक्षिकाओं के संदर्भ में बच्चों को अवगत कराया। संस्था प्राचार्य मधुसूदन नायर एवं एकेडमिक हेड श्रीमती व्ही शोभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि नवीन ऊर्जा एवं उमंग के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा की शुरुवात करे। उन्होंने बताया कि उत्साह एवं लगन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का मूलाधार है, इसके साथ ही उन्होंने सभी को नवीन सत्र के लिए शुभकामनाएं दी।

**जिला पंचायत में सर्वसम्मति से आठ समितियों का गठन, बनाए गए सभापति**

# जिला पंचायत कबीरधाम के स्थायी समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के स्थायी समितियों का गठन सर्व सम्मति से जिला पंचायत के नव निर्वाचित सदस्यों द्वारा किया गया जिसमे कुल 8 समितियों का गठन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईशवरी साहू पदेन अध्यक्ष की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन स्थायी समिति का गठन किया गया।

इसी तरह कृषि स्थायी समिति के लिए राम कुमार भट्ट, शिक्षा स्थायी समिति के लिए उपाध्यक्ष जिला पंचायत कबीरधाम कैलाश चंद्रवंशी पदेन, संचार तथा संकर्म स्थायी समिति के लिए वीरेंद्र साहू,सहकारिता एवं उद्योग स्थायी समिति के लिए श्रीमती दीपा धुर्वे, वन समिति के लिए राजकुमार मेरावी, महिला एवं बाल विकास समिति के लिए श्रीमती सुमित्रा पटेल एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति के लिए श्रीमती पूर्णिमा साहू सभापति के रूप में निर्वाचित हुए हैं। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 47 सहपठित छत्तीसगढ़ जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत स्थायी समितियां (सदस्यों का निर्वाचन कार्यकाल और कामकाज के संचालन से संबंधित) नियम 1994 के नियम 12 (ख) के अंतर्गत जिला पंचायत कबीरधाम के स्थायी समितियो के सदस्यों एवं सभापति निर्वाचन की कार्यवाही सर्वसम्मति द्वारा पीठासीन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मुकेश रावटे द्वारा जिला पंचायत कबीरधाम के सभा कक्ष में सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सभी सदस्यों सहित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक संचालक शिक्षा एमके गुप्ता, उप संचालक पंचायत राज तिवारी के साथ जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।




# श्रम विभाग श्रमिकों के लिए कर रहा विशेष शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कार्यालय श्रम पदाधिकारी, जिला कबीरधाम द्वारा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार मंडल और छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार, पंजीयन, नवीकरण और योजनाओं के आवेदन के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

शिविरों के माध्यम से श्रमिकों को योजनाओं का लाभ आसानी से उपलब्ध कराया जाएगा। इच्छुक श्रमिकों से अपील की गई है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र, स्वयं का पंजीयन पत्र, राशन कार्ड, मोबाइल आदि के साथ निर्धारित तिथि और स्थान पर पहुँचकर शिविर का लाभ उठाएं।

जिला श्रम पदाधिकारी देवेन्द्र देवांगन ने कहा कि ये शिविर श्रमिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और उनके कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। अधिक से अधिक श्रमिक इन शिविरों में भाग लें और योजनाओं का लाभ प्राप्त करें। उन्होंने बताया कि 04 अप्रैल 2025 को न्यू सर्किट हाउस के पास, चावड़ी स्थल में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंडरिया विकासखंड में 07 अप्रैल 2025 को ग्राम अमरपुर, 08 अप्रैल 2025 को ग्राम कोदवागोड़ान, 09 अप्रैल 2025 को ग्राम सरईपतेरा, 15 अप्रैल 2025 को ग्राम पर्थरा, 16 अप्रैल को कुम्ही, 17 अप्रैल 2025 भगतपुर, 21 अप्रैल को न्यू सर्किट हाउस चावड़ी स्थल कवर्धा, 22 अप्रैल 2025 को ग्राम कांपा, 23 अप्रैल 2025 को ग्राम मोहतरा खुर्द, 28 अप्रैल 2025 को ग्राम माकरी,, 29 अप्रैल 2025 को ग्राम कुआंमालगी, और 30 अप्रैल 2025 को ग्राम अमलीमालगी, विकासखंड पंडरिया में शिविर का आयोजन किया जाएगा।